समाचार गेट

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform

News app
Online E-Paper
News Portal
Youtube
Facebook
Instagram
Twitter
Tumbler
Reddit

वर्ष 1, अंक 01 पेज 8 शनिवार 17 फरवरी, 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# हरियाणा की डबल इंजन सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की मनोहर सरकार की कार्यप्रणाली की प्रशंसा, गरीब कल्याण की योजनाएं लागू करने में हरियाणा अव्वल**

**विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकसित होना बहुत जरूरी**

**कपड़ा और परिधान उद्योग में हरियाणा का बड़ा नाम**

**हरियाणा निवेश के लिए उत्तम राज्य के रूप में उभर रहा है, निवेश बढ़ने से नई नौकरियों के अवसरों में होगी वृद्धि : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



**सिटी 24 न्यूज**

**रेवाड़ी।** भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रेवाड़ी की वीर धरा पर हरियाणा की जनता से आने वाले वर्षों में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए अपना सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने हरियाणा को अद्भुत संभावनाओं का राज्य बताते हुए कहा कि हरियाणा निवेश के लिए उत्तम राज्य के रूप में उभर रहा है और निवेश बढ़ने से नौकरियों के अवसरों में भी वृद्धि होगी। डबल इंजन की सरकार विकसित हरियाणा बनाने में जुटी है, जिससे आज की युवा पीढ़ी का भविष्य उज्जवल होने वाला है। टेक्नोलॉजी से टेक्सटाइल और टूरिज्म से ट्रेड तक राज्य में हर क्षेत्र में नए अवसर बढने. से युवाओं को रोजगार व स्व रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री आज जिला रेवाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में एम्स व अन्य परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करने उपरांत समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने मुझे पीएम के उम्मीदवार के रूप में घोषित किया था, तो मेरा पहला कार्यक्रम रेवाड़ी में हुआ था। उस समय रेवाड़ी ने 272 पार का आशीर्वाद दिया था, जो मेरे लिये सिद्धि बन गया। अब जनता कह रही है कि फिर एक बार रेवाड़ी आया हूँ तो आपका आशीर्वाद मिलेगा और अब की बार एनडीए सरकार 400 पार। लोकतंत्र में सीटों के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके लिए जनता जनार्दन का आशीर्वाद ही सबसे बड़ी पूंजी है। आज पूरी दुनिया में भारत नई ऊँचाई पर पहुंचा है, ये जनता के आशीर्वाद के कारण ही संभव हुआ है। जिस प्रकार आज दुनिया में भारत को सम्मान मिलता है, वह मोदी का सम्मान नहीं, बल्कि हर भारतीय का सम्मान है। भारत का तिरंगा चंद्रमा पर वहां पहुंचा, जहां कोई नहीं पहुँच सका। पिछले 10 वर्षों में भारत 11वें नंबर से ऊपर उठकर पांचवें नंबर की आर्थिक महाशक्ति बना है, ये भी जनता के आशीर्वाद से हुआ है और अब अगली टर्म में जनता के आशीर्वाद से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाना है।

**ज्योतिसर अनुभव केंद्र भगवान श्री कृष्ण के गीता संदेश व हरियाणा की पावन धरा से दुनिया को कराएगा परिचित :**

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकसित होना भी बहुत जरूरी है और इसी कड़ी में आज हरियाणा के लिए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया है। इन परियोजनाओं में श्री कृष्णा सर्किट योजना के तहत ज्योतिसर में बना अनुभव केंद्र भी शामिल है। यह केंद्र भगवान श्रीकृष्ण के गीता संदेश व हरियाणा की पावन धरा से दुनिया को परिचित कराएगा। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी मोदी की गारंटी का सबसे पहला गवाह है। जब पीएम पद के उम्मीदवार के रूप में मैंने यहां से देश को कुछ गारंटियां दी थी। उस समय देश की इच्छा थी कि दुनिया में भारत की साख बढ़े, यह हमने करके सिखाया। अयोध्या में प्रभु राम का भव्य मंदिर का निर्माण कराया है, जहां आज प्रभु श्रीराम लला के दर्शन पूरा देश कर रहा है। श्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग, भगवान राम को काल्पनिक बताते थे, जो कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में प्रभु राम का मंदिर बने, वे भी आज जय सिया राम बोलने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर रोड़े अटकाए थे। मैंने देशवासियों को गारंटी दी थी कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाकर रहूंगा। कांग्रेस की लाख कोशिशों के बावजूद आज आर्टिकल 370 इतिहास के पन्नों में खो गया है। लोगों ने एक और संकल्प लिया है और जनता जनार्दन कह रही है कि जिसने धारा 370 को हटाया है, उस भारतीय जनता पार्टी का तिलक 370 सीटों से होगा और एनडीए को 400 पार।

**झूठ व धोखेबाजी के कारण ही कांग्रेस को देश ने नकार दिया :**

नरेंद्र मोदी ने रेवाड़ी में पूर्व सैनिकों को दी गई वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) की गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ओआरओपी के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट रखकर वन रैंक वन पेंशन लागू करने का झूठ बोलने का काम किया था। हमने सत्ता में आते ही ओआरओपी को लागू किया और अभी तक पूर्व सैनिकों को करीब 1 लाख करोड़ रुपये मिल चूके हैं, जिसमें हरियाणा के भी पूर्व सैनिक लाभानवित हुए हैं। जिला रेवाड़ी में ही इस योजना के तहत सैनिक परिवारों को 600 करोड़ रुपये से ज्यादा मिले हैं। उन्होंने कहा कि जितना पैसा रेवाड़ी के सैनिक परिवारों को मिला है, कांग्रेस ने उससे भी कम यानि 500 करोड़ रुपये पूरे देश के पूर्व सैनिकों के लिए बजट रखा था। ऐसे ही झूठ व धोखेबाजी के कारण ही कांग्रेस को देश ने नकार दिया।

**हरियाणा में हर जिले में मेडिकल कॉलेज हो रहा स्थापित :**

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज रेवाड़ी में देश के 22वें एम्स का शिलान्यास किया है और इसका लोकार्पण भी हम ही करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में 15 नये एम्स स्वीकृत किए जा चुके हैं। आजादी के बाद से 2014 तक देश में करीब 380 मेडिकल कॉलेज बने थे, जबकि पिछले 10 वर्षों में 300 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं। हरियाणा में भी हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

**कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड एक परिवार के हित को देश और देशवासियों के हित से ऊपर रखना :**

नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड देश की आधी से अधिक आबादी को दशकों तक छोटी छोटी जरूरतों से दूर रखना, एक परिवार के हित को देश और देशवासियों के हित से ऊपर रखना, इतिहास के सबसे बड़े घोटालों, आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देना तथा सेना व सैनिक को कमजोर करने का रहा है। आज भी कांग्रेस की टीम वही है, नेता व नीयत भी वही है, उन सब की निष्ठा एक ही परिवार के लिए है, तो नीति भी वही होगी, जिसमें लूट, भ्रष्टाचार व बर्बादी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सोचती है कि सत्ता में रहना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। जब से गरीब का ये बेटा पीएम बना है, वे एक के बाद एक मेरे खिलाफ साजिशें करते जा रहे हैं। जितना ज्यादा कांग्रेस साजिश करती है, उतना ही ज्यादा जनता मुझे मजबूत करती है। इस बार भी कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन देश की जनता का सुरक्षा कवच और उनका आशीर्वाद मेरे साथ है।

**हरियाणा में भी कांग्रेस की स्थिति दयनीय :**

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक परिवार के मोह में फंसी कांग्रेस का हरियाणा में भी वही हाल है। आज कांग्रेस अपने इतिहास के सबसे दयनीय दौर से गुजर रही है। आज कांग्रेस के पुराने नेता एक एक करके इनको छोड़ कर जा रहे हैं, जिन्होंने कभी साथ आने का इरादा किया था, वो भी इनसे भाग रहे हैं। हालत तो ये है कि कांग्रेस के पास अपने कार्यकर्ता तक नहीं बचे हैं। जहाँ कांग्रेस की सरकार है, वहाँ इनसे अपनी सरकारें नहीं संभल रही हैं। हिमाचल प्रदेश में वेतन व पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। कर्नाटक में विकास कार्य नहीं कर पा रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस का कुशासन है तो दूसरी तरह बीजेपी का सुशासन है।

**प्रधानमंत्री ने की मनोहर सरकार की कार्यप्रणाली की प्रशंसा :**

नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने गरीब कल्याण की जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनको शत प्रतिशत लागू करने में हरियाणा अव्वल है। यहां खेती के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है, उद्योगों का दायरा भी निरंतर बढ़ रहा है। दक्षिण हरियाणा को विकास में पीछे रखा गया था, वो आज तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे हरियाणा के गुरुग्राम, पलवल और नूंह जिलों से होकर गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा में रेलवे के विकास के लिए हर वर्ष औसतन 300 करोड़ रुपये का बजट मिलता। इस वर्ष के बजट में हरियाणा में रेलवे के लिए करीब 3000 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा के किसानों को पानी की समस्या रहती थी, राज्य सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कपड़ा और परिधान उद्योग में हरियाणा का बड़ा नाम बना है। निर्यात में 35 प्रतिशत कालीन और 20 प्रतिशत परिधान हरियाणा में बन रहा है। दुनिया की सैंकड़ों बड़ी कंपनियां हरियाणा से चल रही हैं और युवाओं को रोजगार मिला है। भारत में निवेश के लिए हरियाणा एक उत्तम राज्य के रूप में उभर रहा है, जिससे नौकरियों के नये अवसर भी बढ़ रहे हैं। डबल इंजन की सरकार हरियाणा को विकसित राज्य बनाने के लिए काम कर रही है। टेक्नोलॉजी से टेक्सटाइल और टूरिज्म से ट्रेड तक नए अवसर भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत 13 हजार करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस योजना से इन कारीगरों का जीवन बदलने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी उसके साथ है, जिसके पास गारंटी देने के लिए कुछ भी नहीं हैं। हमने पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि, मुद्रा योजना, उज्जवला योजना व नल से जल जैसी अनेकों योजनाएं चलाकर देशवासियों के जीवन को खुशहाल बनाया है। इसके अतिरिक्त, पिछले 10 सालों में देशभर में 10 करोड़ बहनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा है, जिसमें हरियाणा की भी लाखों बहनें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि अब तक 1 करोड़ लखपति दीदी बना चुके हैं। उन्होंने हरियाणा के पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का आह्वान किया कि डबल ईंजन की सरकार को इसी तरह से आपका आर्शीवाद मिलता रहे।

**केंद्र की हरियाणा से जो भी अपेक्षाएं हैं, उसे हम पूरा करेंगे : मुख्यमंत्री मनोहर लाल**

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, जब देश के 22वें एम्स का यहां शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय देश की जनता उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रही थी, उनकी प्रधानमंत्री की वो यात्रा 15 सितंबर, 2013 को रेवाड़ी की धरा से ही आरंभ हुई थी। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी कि एम्स का केंद्र खोला जाए और आज उसका शिलान्यास हुआ है। हरियाणा सरकार द्वारा भी प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की जो एक मुहिम चलाई हुई है, उस मुहिम में भी यह एम्स एक बड़ा महत्व रखता है। इस एम्स से न केवल दक्षिण हरियाणा के लोगों को बल्कि राजस्थान के लोगों को भी बहुत बड़ा लाभ मिलने वाला है। उन्होंने इस एम्स के लिए माजरा गांव के लोगों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपनी पंचायती जमीन दी है। इसके अलावा निजी लोगों की जमीन भी खरीदी गई है। मनोहर लाल ने लगभग 5500 करोड़ रुपये की लागत से गुरुग्राम मेट्रो प्रोजेक्ट का शिलान्यास करने के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस मेट्रो सेवा से देश-विदेश के लोगों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि मिलेनियम सिटी गुरुग्राम देश व प्रदेश की प्रगति में बहुत बड़ी भूमिका अदा करती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का अपना पहला हवाई अड्डा जिला हिसार में बन रहा है। बहुत जल्दी वहाँ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की भी शुरुआत की जाएगी। इसी प्रकार रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए भी प्रधानमंत्री ने आज रोहतक से हांसी रेल लाइन का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन सांस्कृतिक महत्व की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र का उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में हरियाणा का बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा दिन रात प्रगति कर रहा है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि केंद्र की हरियाणा से जो भी अपेक्षाएं हैं, उसे हम पूरा करेंगे

**पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जितने काम हुए हैं वे लाजवाब ही नहीं बल्कि बेमिसाल हैं : केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत**

केंद्रीय सांखयिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में केवल 7 एम्स हुआ करते थे, जबकि आज प्रधानमंत्री ने देश के 22वें एम्स का शिलान्यास किया है। 2014 में एक साल में केवल 23 किलोमीटर मेट्रो स्थापित हुआ करती थी जो आज के दिन 63 किलोमीटर प्रति वर्ष बन रही है। गुरुग्राम में हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 27 किलोमीटर मेट्रो लाइन का भी शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जितने काम हुए हैं वे लाजवाब ही नहीं बल्कि बेमिसाल हैं। कार्यक्रम में हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद बिप्लब देव, लोकसभा सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी और सांसद धर्मबीर सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# राव इंद्रजीत बोलते कम हैं लेकिन जो तय कर लेते हैं, उसके पीछे लगे रहते हैं : नरेंद्र मोदी

**रेवाड़ी के आशीर्वाद व प्यार को बार-बार याद करते रहे मोदी**

**रैली में उमड भीड़ के सामने टेंट पड़ा छोटा**

**राव की पीठ थपथपा कर मोदी दें गए बड़ा संदेश**

**राव इंद्रजीत सिंह को मित्र कहकर सम्बोधित किया**

**बोले, राव इंद्रजीत एम्स के लगातार पीछे लगे रहे**



**सिटी 24 न्यूज**

**रेवाड़ी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माजरा रेवाड़ी एम्स के शिलान्यास अवसर पर पर अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए एक बार फिर हरियाणा में रेवाड़ी की जनता का आभार व्यक्त किया और रेवाड़ी के प्रति अपने प्रेम को भी शब्दों से दर्शाया।

देश के 22 वें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने रेवाड़ी के मजरा गांव पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वीर भूमि रेवाड़ी का आशीर्वाद मेरे लिए सिद्धि बन जाता है। उन्होंने कहा कि जब वह भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार घोषित हुए तो उन्हें रेवाड़ी के लोगों ने 272 पार का आशीर्वाद दिया था। 2014 के चुनाव में यह आशीर्वाद उनके लिए सिद्धि बन गया और पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 272 सीटें हासिल की। एक बार फिर वह रेवाड़ी का आशीर्वाद लेने आए हैं। ।

मोदी ने राव इंद्रजीत सिंह को मित्र कहकर संबोधित करते हुए कहा कि वह जब भी रेवाड़ी आते हैं, अनेक यादें ताजा हो जाती है। रेवाड़ी से उनका अलग ही रिश्ता रहा है। लोग उन्हें बहुत ही ज्यादा प्यार करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माजरा एम्स के निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि यह मोदी की गारंटी है जो पूरी हो रही है। राव इंद्रजीत के आग्रह पर मैंने रेवाड़ी में एम्स बनाने की गारंटी दी थी। देश दुनिया में मोदी की गारंटी की चर्चा होती है। रेवाड़ी मोदी की गारंटी का सबसे पहले गवाह है। राव इंद्रजीत सिंह लगातार उसके पीछे लग रहे। मोदी ने हल्के फुल्के अंदाज में राव के संकल्प सिद्धि का जिक्र करते हुए कहा कि राव इंद्रजीत बोलते काम है, लेकिन जो तय कर लेते हैं उसके पीछे लगे रहते हैं। मोदी ने माजरा एम्स के जल्द पूरा होने की संभावनाओं को बोल देते हुए कहा कि कहा इस एम्स का शिलान्यास भी हमने किया है और लोकार्पण भी हम ही करेंगे। पिछले 10 सालों में देश में 15 एम्स स्वीकृत हुए हैं। मोदी ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने दक्षिण हरियाणा को विकास में पीछे रखा। आज वहीं दक्षिण हरियाणा तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**10 साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए काम लाजवाब ही नहीं बल्कि बेमिसाल हैं : राव इंद्रजीत**

केंद्रीय सांखयिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में केवल 7 एम्स हुआ करते थे, जबकि आज प्रधानमंत्री ने देश के 22वें एम्स का शिलान्यास किया है। 2014 में एक साल में केवल 23 किलोमीटर मेट्रो स्थापित हुआ करती थी जो आज के दिन 63 किलोमीटर प्रति वर्ष बन रही है। गुरुग्राम में हुड्डा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 27 किलोमीटर मेट्रो लाइन का भी शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जितने काम हुए हैं वे लाजवाब ही नहीं बल्कि बेमिसाल हैं। राव ने मोदी की लंबी उम्र की कामना करते हुए विश्वास जताया कि देश की जनता के लिए आपने विकसित भारत जैसे कई संकल्प जो लिए है, निसंदेह है वह मोदी जी के नेतृत्व में पूरे होंगे।

# रेवाड़ी में हुई पीएम रैली की 12 बड़ी बातें

1....मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा भाजपा के प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, प्रदेश अध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नायब सिंह सैनी, भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद धर्मवीर सिंह और हरियाणा के मंत्री बनवारीलाल उपस्थित रहे।

2....प्रधानमंत्री को देखने और सुनने की दीवानगी लोगों में ऐसी देखी गई कि लोग सुबह नौ बजे से ही रैली स्थल पर पहुंचने शुरू हो गए थे।

3....प्रधानमंत्री के रैली स्थल तक पहुंच जाने के बाद भी रैली स्थल से लेकर नेशनल हाईवे 8 तक यानि लगभग 4 किलोमीटर लंबे रास्ते पर हजारों लोग सड़कों पर थे। जो प्रधानमंत्री मोदी को देखने और सुनने के लिए रैली स्थल की तरफ लगभग दौड़ रहे थे।

4...जैसे ही प्रधानमंत्री मंच पर पहुंचे तो सामने बैठे एक लाख से भी अधिक लोगों ने मोदी-मोदी के नारों से पूरे पांडाल को गुंजायमान कर दिया, जबकि मंच पर मौजूद नेताओं ने करतल ध्वनि से मोदी जी का अभिनंदन किया।

5.... प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में अनेक बार हरियाणा में हो रहे विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार की तारीफ की।

6 ... कई किलोमीटर तक इलाका भाजपा के झंडों और नेताओं के बैनर पोस्टरों से पटा पड़ा था।

7....रैली में महिलाओं की उपस्थिति बड़ी संख्या में रही, उनमें रैली स्थल पर लगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बड़े कट आउट के साथ खड़े होकर फोटो खिंचवाने की होड़ लगी रही।

8...रैली में पहुंचने वाले अधिकांश लोगों के हाथों में पार्टी का झंड़ा और नेताओं की तारीफ में नारे लिखे हुए पोस्टर थे।

9... मुस्लिम समुदाय के लोगों में भी प्रधानमंत्री को देखने और सुनने के लिए काफी उत्साह देखने को मिला। काफी संख्या में मुस्लिम समाज के पुरुषों के साथ-साथ मुस्लिम समाज की महिलाएं भी अपने प्रधानमंत्री को देखने पहुंची।

10.....रैली में उमड़े जनसैलाब से प्रधानमंत्री मोदी तो प्रसन्न दिखे ही, साथ ही मंचासीन हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, सांसद राव इंद्रजीत सिंह, मंत्री बनवारीलाल आदि भी अपनी मेहनत को सफल देखकर गदगद दिखाई दिए।

11....प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कुरुक्षेत्र में नवनिर्मित ज्योतिसर अनुभव केंद्र का भी रेवाड़ी रैली से ही उद्घाटन किया. अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से समृद्ध इस संग्रहालय पर लगभग 240 करोड़ रुपये की लागत आई है. इससे कुरुक्षेत्र के सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी गदगद दिखाई दिखे। इसे सिरे चढ़ाने के लिए नायब सैनी काफी समय से लगे हुए थे।

12..... रैली में तीन स्टेज बनाए गए थे। मुख्य मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, सांसद धर्मवीर सिंह और मंत्री बनवारीलाल मौजूद थे, जबकि दूसरे मंच पर संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी आदि नेता बैठे। तीसरे मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए।

# सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी की रैली में पहुंचे बेगराज यादव

## प्रधानमंत्री ने भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने की दी है गारंटी : बेगराज यादव

**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बेगराज यादव अपने सैकड़ों साथियों के साथ रेवाड़ी में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में पहुंचे। बेगराज यादव के समर्थकों में जबरदस्त जोश देखने को मिला। समर्थक भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते दिखाई दिए।

बेगराज यादव ने कहा कि हरियाणा प्रदेश पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष रुप से मेहरबान हैं। हरियाणा की धरती को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साथ कई सौगातें दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9750 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने हरियाणा को विकास के कई तोहफे दिए हैं। पुराने गुरुग्राम में जिस मेट्रो का इंतजार था, शुक्रवार को इसकी नींव भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी। पुराने गुरुग्राम में मेट्रो विस्तार का काम पूरा होने के बाद यहां उद्योगों को भी लाभ होगा और यहां की परिवहन व्यवस्था भी सुधरेगी। देश भर में सार्वजनिक



स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रेवाड़ी की आधारशिला भी पीएम ने रखी। इस पर लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसे रेवाड़ी के गांव माजरा मुस्तिल भालखी में 203 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। इसमें 720 बिस्तरों वाला अस्पताल परिसर, 100 सीटों वाला मेडिकल कॉलेज, 60 सीटों वाला नर्सिंग कॉलेज, 30 बिस्तरों वाला आयुष ब्लॉक, संकाय तथा कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा, यूजी तथा पीजी छात्रों के लिए छात्रावास, रैन बसेरा, गेस्ट हाउस, सभागार आदि सहित कई सुविधाएं होंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासशील सोच से हरियाणा को मिली इन परियोजनाओं के लिए आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अहीरवाल वीरभूमि है। यह रेजांगला के वीरों की धरती है। आजादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में आजादी के लिए कुर्बान होने वाले आजादी के मतवालों की भूमि है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है जिससे लोगों का जीवन सरल बना है। भाजपा शासन में जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए अब भटकना नहीं पड़ रहा, बल्कि सभी सुविधाएं घर बैठे मिल रही है। बेगराज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और निश्चित ही मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल देश के लिए अकल्पनीय सौगातों से भरा होगा। प्रधानमंत्री ने भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने की गारंटी दी है।

# केंद्रीय ट्रेड यूनियनों – संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारत बंद हड़तालियों का नारनौल में नारेबाजी, प्रदर्शन

## मनेठी–माजरा एम्स संघर्ष समिति के अगुआ कामरेड राजेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी का कड़ा विरोध व निन्दा प्रस्ताव

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** केन्द्र व राज्य सरकारों की मजदूर- कर्मचारी, किसान विरोधी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी फेडरेशनों / एसोसियेशनों केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल और ग्रामीण बंद में श्रमिक -कर्मचारी, स्कीम वर्कर्स व किसानों ने उत्साह से भाग लिया। जिले में आज की हड़ताल कामयाब रही.जिला भर के श्रमिक -कर्मचारी व स्कीम वर्कर्स तथा किसान लघु सचिवालय पार्क नारनौल में एकत्रित हुए तथा सभा की। संयुक्त अध्यक्षीय मण्डल जिसमें एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह,सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कोशल कुमार यादव, राज्य सचिव महेन्द्र बोयत, किसान संगठन एआईकेकेएमएस के जिला प्रधान बलबीर सिंह, सीटू के जिला प्रधान हरीराम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी की जिला सचिव सन्तोष ढिल्लों, आशा कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी की राज्य महासचिव मधु चौहान,मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी सुनीता जांगड़ा, नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राहुल सारवान ने सभा की अध्यक्षता की। सभा का संचालन सीटू जिला सचिव रोहतास गोठवाल व एआईयूटीयूसी जिला सचिव छाजूराम रावत ने किया।




सभा पश्चात अध्यक्षीय मण्डल के नेतृत्व में अपनी मांगों के जोशीले नारों के साथ जुलूस के रुप में लघु सचिवालय से महावीर चौक पंहुचकर जोरदार विरोध प्रदर्शित किया। जुलूस में श्रमिक – कर्मचारियों व किसानों में श्रमिक – कर्मचारी व किसान तथा जन विरोधी नीतियों के खिलाफ केन्द्र व राज्य सरकार के प्रति गुस्सा दिखाई दे रहा था। सभा में कामरेड ओमप्रकाश ने सरकार द्वारा किसानों पर जबरन उत्पीड़न व केन्द्रीय श्रमिक संगठन के राज्य प्रधान व मनेठी – माजरा एम्स संघर्ष समिति के अगुआ नेता कामरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट की हरियाणा सरकार व पुलिस प्रशासन द्वारा गिरफ्तारी का कड़ा विरोध करते हुए सभा में सर्वसम्मति से निन्दा प्रस्ताव पारित किया।

सभा में वक्ताओं ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, खाली पड़े पदों पर स्थायी नौकरियां देने, पुरानी पेंशन बहाली, स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन लागू करने, भवन निर्माण मजदूरों के पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने तथा अनुचित शर्तें हटाई जाए, गांव-गांव में मनरेगा के तहत गांव के गरीबों को काम देने, मनरेगा मजदूरों को साल में 200 दिन काम देने व 600 रूपए प्रतिदिन की दिहाड़ी देने की पुरजोर मांग की गई।

मजदूर नेताओं ने कहा कि सरकार मेहनतकश लोगों की रोजी-रोटी पर ताबड़तोड़ हमले कर रही है। 44 श्रमकानूनों को खत्म कर उनकी जगह चार लेबर कोड लाकर यह काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 करने, छंटनी, लेऑफ व तालाबंदी की खुली छूट देने, हड़ताल करना व यूनियन बनाना असंभव बना देने, वेतन व सुविधा कटौती करने, वर्कलोड बढ़ाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं करने, रात्रि पाली में महिलाओं से ड्यूटी कराने जैसे घोर मजदूर- कर्मचारी विरोधी प्रावधान लागू कर रही है। बड़े संघर्ष से हासिल किए गए श्रमिक हितेषी कानूनों व लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रही है। भवन निर्माण कारीगर मजदूरों के पंजीकरण की कठिन शर्तों का सरलीकरण किया जाए तथा डायरी तस्दीक में 90 दिन की शर्त हटाई जाए और यूनियन को तस्दीक का अधिकार दिया जाए।

संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख घटक किसान संगठन एआईकेकेएमएस के जिला प्रधान बलबीर सिंह ने कहा कि सरकार एमएसपी कानून बनाने से मुकर गई है। जन विरोधी बिजली बिल – 2022 लाने पर आमादा है, जिससे किसानों के लिए सिंचाई महंगी व बिजली गरीबों की पंहुच से बाहर हो जाएंगी। इन जनविरोधी नीतियों और काले कानूनों के चलते मजदूर किसानों समेत तमाम मेहनतकश जनता का जीना दूभर होता जा रहा है।

सभा को राजकीय अध्यापक संघ के मास्टर महेश यादव, डाक विभाग के हिम्मत सिंह, सीताराम, शिवकुमार, मधु चौहान, राहुल सारवान, सुनीता जांगड़ा, कामरेड ओमप्रकाश, महेन्द्र बोयत, बलबीर सिंह, डॉ व्रतपाल सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान पूर्ण चंद, अध्यापक संघ के कृष्ण कुमार, भरपूर सिंह सागरपुर, नौजवानों के संगठन आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन के जिला सचिव सतीश कुमार, ग्रामीण ट्यूबवेल ओपरेटर यूनियन के जिला प्रधान महेन्द्र सिंह चौहान, जिला सचिव सुरेंद्र कुमार मकसुसपुरिया, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन की माया देवी ने सम्बोधित किया।

# महेंद्रगढ़ में भारत बंद हड़ताली कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** देश के 9 बड़े राष्ट्रीय संगठनों के आह्वान पर शुक्रवार को राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल को लेकर आज महेन्द्रगढ जिले के विभिन्न संगठनों के कर्मचारी, मजदूर और ग्रामीण सफाई कर्मचारी यनियन व सर्व कर्मचारी सघ हरियाणा की बैठक महेंद्रगढ़ सथित यादव धर्मशाला में हुई। राव तुलाराम चौक पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा मुख्यालय महेन्द्रगढ़ के प्रधान जुगेश कुमार व सर्व कर्मचारी संघ के खण्ड प्रधान रणसिह मालड़ा ने संयुक्त रूप से की। बैठक का संचालन एमपीएचई एसोसिएशन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कुमार चौहान ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा व हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के महासचिव कामरेड सुभाष चंद उपस्थित रहे।




सुजान मालड़ा ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार की मजदूर, कर्मचारी व किसान विरोधी नीतियों की निंदा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले देश के कच्चे और पक्के कर्मचारियों से रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करने, ठेकेदारी प्रथा खत्म करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, न्यूनतम वेतन लागू करने का वादा किया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद सभी वादे भूलकर कर्मचारी, मजदूर व किसान विरोधी नीतियों को बढ़ावा देने और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का कानून बना रही है। एक तरफ मोदी सरकार किसान हितैषी होने का ढोंग कर रही है। दूसरी तरफ देश के अन्नदाता किसानों पर बर्बरतापूर्ण रवैया अपना रही है, जो सरासर नाइंसाफी है।

हरियाणा सफाई कर्मचारी यूनियन के महासचिव कामरेड सुभाष चंद ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करे ,न्यूनतम वेतन लागू करने ,वेतन विसंगतियों को दूर करने, सामाजिक सुरक्षा लागू करने तथा श्रम कानूनों में जो बदलाव किया गया है। वो कानून वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने समय रहते मांगों को पूरा नही किया तो सरकार को आने वाले चुनावों में परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। बैठक के बाद हड़ताली कर्मचारियों ने महेन्द्रगढ़ में आइटीआई, बस स्टैंड, हुड्डा पार्क,राव तुलाराम चौक, श्री बालाजी चौक, गांधी मार्केट, नगरपालिका, अंबेडकर चौक होते हुए वापस यादव धर्मशाला में कार्यक्रम का विधिवत रूप से समापन किया। बैठक में सोनू मंजू देवी, रमेश देवी, नाजूराम बंसीलाल ,राजबीर, अशोक कुमार, पप्पू , राजू, हरिराम व पवन कुमार सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 24 से 26 फरवरी को होने जा रही पशु प्रदर्शनी की तैयारी का जायजा उपनिदेशक हेडक्वार्टर ने लिया

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** जिले में पहली बार हो रही 40वीं राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली में आगामी 24 से 26 फरवरी को आयोजित हो रही है। जिसकी तैयारियां का जायजा लेने के लिए महानिदेशक कार्यालय पंचकूला से डॉक्टर सुखदेव राठी उपनिदेशक (हेड क्वार्टर) आए।

उन्होंने पशु प्रदर्शनी से संबंधित सभी तैयारी का जायजा लिया। उनकी अध्यक्षता में जिले के सभी पशु चिकित्सकों की संयुक्त मीटिंग केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में ली गई। जिसमें उनके द्वारा सभी पशु चिकित्सकों को पशु प्रदर्शनी से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। जिले के उपनिदेशक डॉ चंद्रभान सोनी ने सभी पशु चिकित्सकों को पशु मेले में उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में अवगत करवाया तथा उनकी ड्युटिया लगाईं।

इस मीटिंग में उपमंडल अधिकारी डॉ बलजीत सिंह ने पशु



मेले में ज्यादा से ज्यादा पशु शामिल होने के लिए पशु चिकित्सकों को निर्देश दिए कि वह अपनी-अपने कार्य क्षेत्र से उत्तम नस्ल व श्रेणी के पशुओं को लाने के लिए पशुपालकों को प्रेरित करें। इस मीटिंग में डॉक्टर अरुण कुमार जैन, कपिल यादव, शंकर लाल आदि सभी पशु चिकित्सक उपस्थित रहे।

# 9 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आगामी 9 मार्च को न्यायिक परिसर नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक पारिवारिक विवाद, अपराधिक मामले जो की मिश्रित हों, भूमि अधिग्रहण मामले, बैंक रिकवरी मामले, पेंशन मामले, उपभोक्ता शिकायत मामले, बिजली मामले, टेलीफोन बिल विवाद, अन्य दीवानी मामले जैसे विभाजन, कब्जे के मामले से संबंधित, किराया संबंधी मामले, इजमेंट्री का अधिकार व कॉन्ट्रैक्टस संबंधी मामले निपटारे के लिए रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में लोग अपना केस लगवाकर केसों का निपटारा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01282-250322 पर आमजन लोक अदालत व अन्य कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी कॉल कर कानूनी जानकारी ले सकते हैं।

# हकेवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

## महर्षि अरविंद विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रो. एस.सी. जैन मुख्य अतिथि के रूप में हुए उपस्थित

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में वाणिज्य एवं प्रबंधन में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुक्रवार को समापन हो गया। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर) के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी के समापन सत्र में महर्षि अरविंद विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रो. एस.सी. जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विशिष्ठ अतिथि तथा विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय के लघु सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। इसके पश्चात संगोष्ठी की सह-समन्वयक डॉ. दिव्या ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एस.सी. जैन ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं को समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन सिस्टम योग्य व्यक्ति बनाने के लिए शिक्षा प्रदान करती है लेकिन वह हमें आदर्श व्यक्ति नहीं बनाती। प्रो. जैन ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में उच्चतम ज्ञान का प्रसार करके मानव को श्रेष्ठ संस्कारों से युक्त कर संपूर्ण मानव बनाते थे। आज केवल भारत ही नहीं अपितु पूरा विश्व भारतीय ज्ञान परंपरा की आवश्यकता महसूस कर रहा है।

इससे पूर्व समापन सत्र में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कोविड ने आमजन को भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि हमें नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से अवगत कराना चाहिए ताकि वे हमारी समृद्ध विरासत को जान सके। हमें युवा



पीढ़ी को पारंपरिक ज्ञान से रूबरू कराना चाहिए। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा आधुनिक विज्ञान प्रबंधन सहित सभी क्षेत्रों के लिए एक खजाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में नैतिकता, आत्मनिर्भरता, अनुशासन, सत्यता और सभी के लिए सम्मान जैसे मूल्यों पर जोर देती है और आज हमें इस मूल्यों की आवश्यकता भी है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि प्रो. सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को सोने की चिड़िया इसलिए कहा जाता था। भारत की व्यावसायिक तकनीक सर्वश्रेष्ठ थी। उन्होंने जापान का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें भारत में बने सामान का ही उपयोग करना चाहिए चाहे वह विदेश में बने सामान से महँगा ही क्यों न हो। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए जा रहे कदमों की भी सराहना की। संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. सुनीता तंवर ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष व संगोष्ठी के संयोजक प्रो. राजेंद्र प्रसाद मीणा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. आनंद शर्मा, प्रो. आशीष माथुर, संगोष्ठी के सह संयोजक डॉ. सुमन, डॉ. रविंद्र कौर, डॉ. भूषण, और डॉ. अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# नारनौल में भारत बंद के समर्थन में उतरे कर्मचारी

## मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** भारत बंद के बीच नारनौल में ऑल इंडिया पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी के आह्वान पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक के प्रांगण में जन स्वास्थ्य शाखा के सभी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जिसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के राज्य उप प्रधान सुभाष यादव व जिला अध्यक्ष कृष्णा शर्मा ने की। मंच संचालन दीपक शांडिल्य ब्रांच प्रधान एवं जिला सचिव हरियाणा महासंघ ने किया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सभी कर्मचारियों ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ बढ़-चढ़कर भाग लिया व हरियाणा सरकार को जमकर कोसा। कर्मचारियों की मुख्य मांगे पुरानी पेंशन बहाल करना जैसे छत्तीसगढ़, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और



पंजाब आदि में की हुई है। सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करना, आठवी वेतन आयोग की कमेटी को गठित करना, निजीकरण पर रोक लगाना, मेडिकल कैशलेस को कर्मचारी तथा पेंशनरों पर लागू करना, पुरानी एक्स ग्रेशिया पॉलिसी को लागू करना, समान काम समान वेतन लागू करना, महंगाई पर रोक लगाना, मेडिकल भत्ता 1000 रुपए से बढ़ाकर 3000 रुपए प्रति माह करना, पदोन्नति पर एक वेतन वृद्धि का लाभ देना व विभाग में नए पद सृजित करना आदि रही। इस मौके पर ब्रांच अध्यक्ष पवन कुमार सैनी, रोहतास उप प्रधान अटेली, रविंद्र कुमार, अमी चंद, अजीत सिंह, भगवान सिंह, बलवंत, भजनलाल, वीरेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, छोटेलाल, दाताराम, दीपक, देशराज, धर्मवीर, घनश्याम, गोकुल, गोपीराम, गोपीचंद, गोविंद राम, हंसराज, हरनाम, जगदीश, जयप्रकाश, जयसिंह, कृष्ण कुमार, कैलाश चंद, खेमचंद, मनीराम, मेघराज, मनोज कुमार शर्मा, मोहनलाल, मुकेश कुमार, नरेश कुमार, निरंजन लाल, नितिन इंदौर, ओमप्रकाश, पवन कुमार प्रेम सिंह, पुरनमल, राकेश कुमार, राम अवतार, राम सिंह, राजेंद्र सोनी, रविदास, सरवन सिंह, संजीव कुमार, सुभाष चंद्र, सुरेंद्र कुमार, सरदार समर सिंह, सतबीर, सतीश, सत्यवीर, सुनील कुमार, शिवलाल, श्यामलाल, सुरेश चंद, विपिन शर्मा इत्यादि सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में एक 25 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत, मजदूरी कर पिता के साथ घर लौट रहा था मृतक सरजीत

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिले के खेडी कंकर गांव में एक 25 वर्षीय व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि सरजीत अपने पिता के साथ मजदूरी कर गांव के लिए आ रहा था ,जब वह गांव की सड़क पर पैदल चल रहे थे, तभी एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उसको कुचल दिया और उसकी दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई। गांव के सरपंच सोहराब ने बताया कि जैसे ही उन्हें सड़क दुर्घटना की खबर मिली तो, गांव के सभी लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए नूंह के सरकारी अस्पताल भिजवाया। हाजी सोहराब सरपंच ने बताया कि सरजीत अपने पिता के साथ सोहना से मजदूरी कर घर लौट रहा था, लेकिन गांव पहुंचने से पहले ही एक ट्रैक्टर ने उसे बुरी तरह कुचल दिया और जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र का कहना है कि परिजनों की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ट्रैक्टर चालक अभी फरार है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सलामपुर के पुनीत ने जेईई में हासिल किया 99.09 परसेंटाइल

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**



**नारनौल।** हाल ही में नेशनल टेसटिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित जेईई मेन की परीक्षा में शहर के मोहल्ला सलामपुरा निवासी पुनीत सैनी ने 99.09 परसेंटाइल हासिल कर कीर्तिमान बनाया है। इससे पुनीत के परिवारजन बेहद खुश हैं तथा उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। चाचा लोकेश गांधी ने बताया कि उनके भाई अमित का बेटा पुनीत पढ़ाई में शुरू से ही बड़ा होशियार रहा है तथा उसने राष्ट्रीय स्तर की एनटीए परीक्षा में यह उपलब्धि अर्जित कर पूरे परिवार का नाम रोशन कर दिखाया है। इस परीक्षा के उत्तीर्ण होने उपरांत एडवांस परीक्षा ही शेष है। वह परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद उसके देश की नामी आईआईटी संस्थानों में पढ़ने का रास्ता साफ हो जाएगा।

# किसानों को बदनाम करने के लिए खुद सड़कें रोक रही है बीजेपी–जेजेपी सरकार : आफताब अहमद

**सड़कें और इंटरनेट बंद करके जनता को परेशान कर रही है सरकार– आफताब अहमद**

**कांग्रेस ने लागू की थी स्वामीनाथन आयोग की 175 सिफारिशें– आफताब अहमद**

**एमएसपी बढ़ोत्तरी में कांग्रेस के मुकाबले बहुत पीछे है मोदी सरकार– आफताब अहमद**

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** किसानों को बदनाम करने के लिए सरकार जानबूझकर सड़कें जाम कर रही है। सड़कें और इंटरनेट बंद करके बीजेपी–जेजेपी साजिश के तहत जनता को परेशान कर रही है ताकि किसानों के खिलाफ नकारात्मक प्रचार किया जा सके। ये कहना है कांग्रेस विधायक आफताब अहमद का। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज है। बीजेपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के तहत (सी–2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफा) एमएसपी देने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन सत्ता में आने के बाद वो अपने वादे से पलट गई। आज किसान इसी वादे को याद दिलाने के लिए आंदोलनरत हैं। लेकिन उनको रोकने के लिए सरकार पूरी तरह असंवैधानिक और गैर–कानूनी तरीके अपना रही है। बाकायदा हाई कोर्ट ने भी इसके लिए सरकार को फटकार लगाई है। क्योंकि बीजेपी–जेजेपी सरकार को इस तरह सड़कें रोकने, उनपर कीलें बिछाने, पत्थर डलवाने और कंक्रीट की दीवार खड़ी करने का कोई अधिकार नहीं है। सरकार बताएं कि किस कानून के तहत उसने सड़कों और इंटरनेट को बंद किया है?

आफताब अहमद ने बताया कि कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश का पूरी तरह समर्थन करती है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सी2 फार्मूले पर एमएसपी देने का ऐलान किया है। जब यूपीए सरकार के दौरान यह रिपोर्ट आई थी तो स्वामीनाथन की 201 सिफारिशों में से 175 को कांग्रेस ने लागू करने का काम किया था। इन सिफारिशों के तहत यूपीए सरकार ने किसानों के 72,000 करोड़ रुपए के लोन माफ किए थे। हरियाणा में लगभग 2200 करोड रुपए के कर्ज माफ हुए थे और 1600 करोड़ रुपए के बिजली बिल माफ किए गए थे। पूरे देश में फसली लोन पर ब्याज दर को 11% से घटकर 4 प्रतिशत कर दिया गया था और हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने फसली लोन को जीरो कर दिया था। इतना ही नहीं स्वामीनाथन की सिफारिश के मुताबिक ही खेती को पूरी तरह टैक्स मुक्त रखा गया था। कांग्रेस ने कभी भी खाद, बीज, दवाई, ट्रैक्टर, सिंचाई समेत खेती के तमाम उपकरणों पर टैक्स नहीं लगाया। इतना ही नहीं अलग–अलग



योजनाओं के तहत खेती संसाधनों पर 100% तक की छूट दी जाती थी।

आफताब अहमद ने याद दिलाया कि 2005 में कांग्रेस सरकार बनने से पहले हरियाणा में इनेलो–बीजेपी सरकार के दौरान लोन नहीं चुकाने पर किसानों की जमीन कुर्क कर दी जाती थी और किसानों को पकड़ कर जेल में डाल दिया जाता था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसपर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया और किसी भी किसान की जमीन कुर्क नहीं होने दी। किसानों को संरक्षण देने के लिए अधिग्रहण का मजबूत कानून बनाया गया। इसमें प्रावधान किया गया कि किसान की मर्जी के खिलाफ कोई उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं कर सकेगा। लेकिन बीजेपी सरकार ने उस कानून को कमजोर कर दिया। इसीलिए किसान फिर से 2013 वाला कानून लागू करने की मांग को लेकर भी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान नाममात्र खर्चे पर किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन दे दिए जाते थे। लेकिन आज लाखों रुपए देने के बाद भी किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन नहीं मिल पाते। हुड्डा सरकार के दौरान सिंचाई के लिए हांसी–बुटाणा नहर, वाटर रीचार्ज के लिए दादुपुर–नळवी नहर, सिरसा में ओटू झील बनाई गई थी। फव्वारा सिंचाई उपकरणों पर 100 परसेंट तक सब्सिडी दी गई थी। इतना ही नहीं, सी2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफे के फार्मूले पर एमएसपी देने के लिए भी कांग्रेस सरकार ने फसलों के रेट में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी की। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो 1999 से 2004 तक देश में भाजपा गठबंधन सरकार थी। लेकिन उस सरकार के दौरान धान के रेट में सिर्फ 14% यानी सालाना बस 2.3% की बढ़ोत्तरी हुई। लेकिन कांग्रेस सरकार के दौरान धान की एमएसपी में कुल 143% यानी सालाना 14.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। लेकिन मोदी सरकार के दौरान धान के रेट में सिर्फ 54.1% यानी सालाना सिर्फ 6% बढ़ोत्तरी हुई। इसी तरह 1999 से 2004 तक गेहूं के एमएसपी में भाजपा गठबंधन सरकार ने कुल 10.3% यानी सालाना 1.7% बढ़ोत्तरी ही की। लेकिन कांग्रेस ने उससे 12 गुणा ज्यादा 126% यानी सालाना 12.7% बढ़ोत्तरी की। लेकिन मोदी सरकार के दौरान 126% के मुकाबले गेंहू की एमएसपी में सिर्फ 39.3% ही बढ़ोत्तरी हुई। उन्होंने कहा कि सिर्फ धान और गेहूं ही नहीं, मनमोहन सरकार ने लगभग हरेक फसल के रेट में ढाई से तीन गुणा (150–200%) की बढ़ोत्तरी की। लेकिन मोदी सरकार में बमुश्किल 50% का ही इजाफा हुआ। जबकि इस दौरान खेती की लागत में कई गुणा की बढ़ोत्तरी हो चुकी है।

# जेजेपी ने भरीं चुनावी हुंकार ,मिशन दुष्यंत 2024 के लिए कसी कमर : नासिर हुसैन अड़बर

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जननायक जनता पार्टी के नेता व जिला प्रवक्ता नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने मिशन दुष्यंत 2024 के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया व मिशन दुष्यंत 2024 में जुट जाने का आह्वान किया व सभी कार्यकर्ताओं व जेजेपी नेतागण से आह्वान किया की सभी ने एक सुर में केंद्र सरकार से जननायक ताऊ देवीलाल पूर्व उप प्रधानमंत्री भारत सरकार को भारत रत्न देने की माँग की पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देना सम्मान की बात है पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसान हित और उनके आधारभूत मुद्दों को प्राथमिकता दी है किसानों के अधिकारों और कल्याण के लिए उन्होंने पूरा जीवन सम्प्रति किया है उनका अविस्मरणीय योगदान तो आपत्काल में देखने को मिला चौधरी चरण सिंह ने आपातकाल के दौरान भी लोकतंत्र



को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाई नासिर हुसैन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना किसान और कमेरे का सम्मान है यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समिपत है साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल को भी इसी तरह से सम्मान दिया चाहिए आशा है कि केंद्र सरकार इस पर जल्द विचार करेगी।

# जाहिद हुसैन चैयरमेन हजारों कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रेवाड़ी रैली के लिए हुए रवाना

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर मेवात के लोगों में भारी उत्साह : जाहिद हुसैन

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह की नई अनाज मंडी में शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता जाहिद चैयरमेन व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल के नेतृत्व में नूंह विधानसभा से सैंकड़ों बसों व सैंकडों गाडियों के काफिले के साथ हजारों कार्यकर्ता रेवाड़ी जिले के माजरा भालखी में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली के लिए रवाना हुए। आज प्रधानमंत्री द्वारा रेवाड़ी जिले में देश के 22 वें एम्स का शिलान्यास किया जाएगा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। रेवाड़ी एम्स से दक्षिण हरियाणा व खासतौर पर मेवात क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा। मेवात क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में मोदी प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला। भाजपा के वरिष्ठ नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि रेवाड़ी रैली में मेवात क्षेत्र से करीब 15 हजार मेवातवासियों ने बढ़ चढकर भाग लिया है तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री



मनोहर लाल का धन्यवाद व आभार जताएंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा के सांसद राव इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारों ने मेवात क्षेत्र को विकास व रोजगार के दिलाने में बहुत तेजी से गति दी है। अति पिछड़ा मेवात क्षेत्र आज विकास में बहुत तेजी से नई ऊंचाईयों को छू रहा है और यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व यशस्वी मुख्यमंत्री की ईमानदारी व अच्छी सोच की बदौलत संभव हो पाया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा के वरिष्ठ नेता जाहिद चैयरमेन ने कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है। मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व में एक अलग ही पहचान बनाई है। आज हमें जरूरत है कि हम भाजपा के साथ चलें एक बार फिर से भारी बहुमत से मोदी सरकार बनाएँ। उन्होंने कहा कि मोदी व मनोहर लाल के नेतृत्व में मेवात क्षेत्र का लगातार विकास हो रहा है। आज मेवातवासियों के लिए बहुत खुशी का दिन है क्योंकि रेवाड़ी में एम्स बनने से मेवात क्षेत्र को बहुत लाभ होगा। इस अवसर पर मनीष जैन, खुर्शीद राजाका ,नरेंद्र शर्मा, औरंगज़ेब, हारून कुलडेरा, नदीम सलंबा, नसीम सरपंच, हाकमुद्दीन ,नियामत ठेकेदार, इरफान ,असगर, उमर सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को दिलाएगी नई पहचान : धीरेंद्र खड़गटा

## कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने में करेगी मदद

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई है जिससे शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को नई पहचान मिलेगी। साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने में मदद करेगी। उपायुक्त ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य फोकस कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ–साथ गुणवत्ता में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना है कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। यह योजना पूरे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी. योजना के तहत विभिन्न



प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार की ओर से विश्वकर्मा भाइयों–बहनों को 3 लाख रुपए तक बिना गारंटी ऋण,15 हजार रुपए के टूलकिट, स्किल अपग्रेडेशन के लिए स्किल ट्रेनिंग के साथ 500 रुपए प्रतिदिन स्टाइपेंड, तैयार उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग और विज्ञापन जैसी मार्केटिंग सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**पीएम विश्वकर्मा के तहत कौन कर सकते हैं आवेदन**

पीएम विश्वकर्मा योजना में बढ़ई, नाव निर्माता, अस्त्रकार, लोहार, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला, पत्थर तोडने वाला जैसे कई कौशल कारीगर शामिल हैं। इस योजना के जो भी लाभार्थी होंगे उन्हें सरकार द्वारा सर्टिफिकेट और आईडी भी मिलेगी। इस योजना में परिवार का केवल एक सदस्य ही आवेदन दे सकता है। भारत सरकार की नई स्कीम पीएम विश्वकर्मा के तहत 18 श्रेणियों के कारीगरों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन, मुफ्त औजार, प्रशिक्षण, मार्केटिंग सपोर्ट, डिजिटल ट्रांजेक्शन (यूपीआई) को प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहन, सर्टिफिकेट तथा पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा।

**पीएम विश्वकर्मा योजना का किया जाए अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार : डीसी**

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रार्थी की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो और पिछले 5 वर्षों में केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार की किसी भी स्वरोजगार की योजना में ऋण ना लिया हो। सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं होंगे। सभी पात्र दस्तकार एवं कारीगर अपने आधार नंबर, मोबाइल, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड के साथ अपने नजदीकी सीएससी केंद्र/अटल सेवा केंद्र से अपना पंजीकरण करवाकर इस योजना के लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र व्यक्ति योजना का अधिक से अधिक लाभ उठा सके इसके लिए योजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करते हुए ज्यादा लोगों को जागरूक करें। वहीं जिला के सभी सीएससी केंद्रों पर आने वाले पात्र व्यक्तियों को भी योजना की जानकारी अवश्य दी जाए।

# बालिका के उज्जवल भविष्य के लिए खुलवाएं सुकन्या समृद्धि खाता : उपायुक्त

**योजना के तहत किसी भी डाकघर या बैंक में खुलवाया जा सकता है खाता**

**अभिभावक को मिलेगी आयकर में योजना के तहत छूट**

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि बालिका के उज्ज्वल भविष्य के लिए अभिभावकों को सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाना चाहिए। सरकार ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सुकन्या समृद्धि योजना योजना शुरू की हुई है। योजना के तहत बालिका का जिले के किसी भी डाकघर या बैंक में खाता खुलवाया जा सकता है। माता–पिता द्वारा इस खाते में जोड़ा गया पैसा बालिका को अपने जीवन में आगे बढ़ने में सहायता करेगा। उपायुक्त ने बताया कि बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं अभियान को गति देने के लिए सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को शुरू किया गया है। इस योजना के तहत खाता कम से कम 250 रुपये में खोला जा सकता है। एक वर्ष में अधिक से अधिक खाते में एक लाख 50 हजार रुपये जमा करवाए जा सकते हैं। सरकार द्वारा जमा राशि व परिपक्वता राशि पर इनकम टैक्स में



छूट दी गई है। डीसी ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी की आयु 18 वर्ष की होने के बाद जब भी शादी करें, खाता बंद करवा सकते है। विवाह से एक माह पहले या तीन महीने बाद तक खाता बंद करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत माता–पिता अपनी बेटी की शिक्षा, शादी हेतु थोड़ा–थोड़ा करके पैसा जमा करवाकर चक्रवृद्धि ब्याज पर पैसा जोड सकते है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दसवीं की परीक्षा पास करने तथा 18 वर्ष की आयु होने पर लडकी की उच्च शिक्षा के लिए आधा पैसा भी निकाल सकते है तथा शेष राशि शादी के समय निकाली जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत खाता खुलवाने के लिए आवेदन पत्र के साथ बेटी का जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का फोटो, आईडी तथा रिहायशी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

# नूंह पुलिस ने ऑनलाईन ठगी करने के मामले में 01 आरोपी को किया गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से 02 मोबाईल फोन व 03 सिम बरामद

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** निरीक्षक सन्दीप मोर, प्रभारी अपराध जांच शाखा पुन्हाना ने जानकारी देते हुये बताया कि सहायक उप–निरीक्षक गोपाल अपनी टीम के साथ गस्त में अड़बर चौक नूंह पर मौजूद था । उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आजाद पुत्र शेर मौहम्मद निवासी बासदल्ला थाना पुन्हाना, जिला नूंह अपनी असल पहचान छुपाकर फर्जी फेसबुक आई0डी0 व फर्जी वाट्सअप अकाउंटों को फर्जी मोबाईल नंबरों से बनाकर आम जनता को पुराने धातु सिक्के व पूराने कागज नोट को महंगे दामों में खरीदने का झांसा देकर फर्जी वाट्सअप अकाउंट द्वारा संपर्क कर चैटिंग करके आमजन से फाईल चार्ज, लेट पैनलटी आदि के नाम पर एडवांस रुपये फर्जी बैंक अकाउंटों, फोन पे में डलवाकर आमजन के साथ धोखाधडी करके ऑनलाईन ठगी करता है । जिस सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर उपरोक्त शख्स को काबू किया । नाम पता



पूछने पर शख्स ने अपना नाम आजाद उपरोक्त बतलाया । तलाशी लेने पर उपरोक्त शख्स के कब्जे से 02 मोबाईल फोन व 03 सिम बरामद हुई। पूछताछ व आरोपी के फोन की जांच करने पर फोन में पूराने सिक्कों की फोटों, पुराने धातु के सिक्कों, पुराने कागज के नोटों, आमजन के आधार कार्ड, ऑनलाईन ट्रांजेक्सन के सक्रीन शॉट, डिलीवरी से संबनधित विडियों व फोटो, ऑफिस के फोटो, फर्जी अकाउंट डिटेल के फोटो, रिसाईकिल बिन में पुराने धातु से सिक्कों के कई फोटो व फर्जी मैसिज वगैरा पाये गये । सभी मोबाईल फोन व सिमों को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लिया गया । जिस सबंध में थाना साईबर अपराध नूंह में सबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर करके उपरोक्त आरोपी को मुकदमा में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । मुकदमा के सबंध में आरोपी से पूछताछ जारी हैं । आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा ।

## सीबीएसई परीक्षा के मद्देनजर धारा 144 लागू, डीसी ने जारी किये आदेश

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करवाने के मद्देनजर परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू की है। जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने भारतीय दंड संहित 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए जिला में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के इक्ठठा होने पर पाबंदी के आदेश जारी किए है। जारी आदेशों में विस्फोटक, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू तथा अन्य हथियार आदि लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला में नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षाएं आयोजित करने के उद्देश्य से धारा 144 के तहत जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के अंतर्गत स्थित सभी फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि आदेशों की अवहेलना करने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला के विभिन्न स्कूलों में परीक्षा अयोजित की जाएगी : डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, हिंदू विद्या निकेतन नूंह, मेवात मॉडल स्कूल नूंह, अरावली पब्लिक स्कूल, मेवात मॉडल स्कूल तावडू सावित्री देवी विद्या निकेतन घीडा पुन्हाना, मेवात मॉडल स्कूल नगीना, स्प्रिंग डेजी कान्वेंट स्कूल रेवाड़ी रोड सुनारी तावडू आदि स्कूल में परीक्षा अयोजित करवाई जाएगी।

# भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन हजारों कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रेवाड़ी रैली के लिए हुए रवाना

**नूँह विधानसभा से हजारों कार्यकर्ताओं ने चौ॰ ज़ाकिर हुसैन के नेतृत्व में रेवाड़ी रैली में लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा**

**मेवातवासियों के लिए आज खुशी का दिन, एम्स बनने से मिलेगा क्षेत्र को बहुत लाभ: चौधरी ज़ाकिर हुसैन**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शुक्रवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल के नेतृत्व में नूँह विधानसभा से सैंकड़ों बसों व सैंकडों गाडियों के काफिले के साथ हजारों कार्यकर्ता रेवाड़ी जिले के माजरा भालखी में होने वाली यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली के लिए रवाना हुए। आज प्रधानमंत्री द्वारा रेवाड़ी जिले में एम्स का शिलान्यास किया जाएगा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। एम्स से दक्षिण हरियाणा व खासतौर पर मेवात क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा। मेवात क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में मोदी जी प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला।

ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि रेवाड़ी रैली में मेवात क्षेत्र से करीब 20 हजार मेवातवासियों ने बढ़ चढकर भाग लिया है तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद व आभार जताएंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारों ने मेवात क्षेत्र को विकास व रोजगार के मामले में बहुत तेजी से गति दी है। अति पिछड़ा मेवात क्षेत्र आज विकास में बहुत तेजी से नई ऊंचाईयों को छू रहा है और यह सब माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व यशस्वी मुख्यमंत्री की ईमानदारी व अच्छी सोच की बदौलत संभव हो पाया है। हुसैन ने कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है। मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व में एक अलग ही पहचान बनाई है। आज हमें जरूरत है कि हम भाजपा के साथ चलें एक बार फिर से भारी बहुमत से मोदी सरकार बनाएँ। उन्होंने कहा कि मोदी व मनोहर लाल के नेतृत्व में मेवात क्षेत्र का लगातार विकास हो रहा है। आज मेवातवासियों के लिए बहुत खुशी का दिन है क्योंकि रेवाड़ी में एम्स बनने से मेवात क्षेत्र को बहुत लाभ होगा। इस अवसर पर उनके साथ उनके सुपुत्र व युवा भाजपा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट, ज्ञानचंद आर्य, जिला उपाध्यक्ष दलबीर सिंह, पूर्व चेयरमैन औरंगजेब, मौलाना असरूद्दीन तेड़, हाफिज हनीफ मालब, बद्र आलम, मौलाना अब्दुल मजीद, मौलाना हारून, मौलाना फारूख, मौलाना जर्रार , मौलाना खुर्शीद अहमद, मौलाना रमजान, हाफिज मौज्जम, मौ0 तलहा,हाफिज हसन, मौलाना अब्दुल वहाब, अय्यूब सेक्रेटरी, खल्ली सरपंच, खानू, इसराईल सरपंच खेड़ला आदि के अलावा हजारों लोग शामिल हुए।

## संपादकीय

# निष्पक्षता पर फोकस

चुनावी बॉन्ड स्कीम को बैन करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला तात्कालिक और दूरगामी, दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण है। इससे राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे और उसके तरीके पर तो तुरंत असर पड़ेगा ही, राजनीति में पारदर्शिता और लोकतंत्र में जनता के सूचना के अधिकार की अहमियत भी रेखांकित हुई है।

**समय सीमा बताई:** लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले आए इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को लाने के लिए कानूनों में किए गए बदलावों को असंवैधानिक ही नहीं घोषित किया है, इन प्रावधानों के असर को काटने वाले उपायों के साथ समय सीमा भी जोड़ी है। फैसले के मुताबिक, 12 अप्रैल 2019 के बाद चुनावी बॉन्डों के जरिए आए चंदे से जुड़े सारे डीटेल्स 13 मार्च 2024 तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक हो जाने चाहिए।

मतलब यह कि अप्रैल-मई में संभावित चुनावों में राजनीतिक दलों की प्रचार शैली पर भी इस फैसले का कुछ न कुछ प्रत्यक्ष या परोक्ष असर हो सकता है।

**चुनाव सुधारों की दिशा :** मगर फैसले की ज्यादा अहमियत इस बात में है कि इसने चुनाव सुधार के मार्गदर्शक सिद्धांतों को एक बार फिर स्पष्ट किया है। ध्यान रहे, चुनावी बॉन्ड स्कीम के पक्ष में एक दलील यह भी थी कि इससे राजनीतिक दलों को कैश में चंदा देने की प्रवृतति कमजोर होगी। इस लिहाज से सुप्रीम कोर्ट का फैसले में यह दर्शाना महत्वपूर्ण है कि मूल बात पारदर्शिता है और नागरिकों को पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को कौन पैसा दे रहा है।

**लेवल प्लेइंग फील्ड :** अगर विपक्षी दल इस फैसले से अति उत्साहित दिख रहे हैं तो उसकी अपनी वजह है। उन्हें लग रहा था कि चुनावी बॉन्ड स्कीम फंड के फ्लो को सत्ताधारी पार्टी की तरफ मोड़ने और उनके स्रोतों को सुखा देने के कथित मकसद से प्रेरित है। उनका यह भी कहना है कि इसी वजह से सरकार ने रिजर्व बैंक और चुनाव आयोग की राय की अनदेखी की। 2017 में रिजर्व बैंक ने आगाह किया था कि शेल कंपनियां चुनावी बॉन्ड का दुरुपयोग मनी लॉन्ड्रिंग के लिए कर सकती हैं। 2019 में चुनाव आयोग ने भी इस स्कीम को चंदों में पारदर्शिता के लिहाज से पीछे ले जाने वाला कदम बताया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर स्थापित किया है कि लोकतंत्र में सभी दलों को लेवल प्लेइंग फील्ड सुनिश्चित करना जरूरी है।

**विश्वसनीयता बढ़ाई :** कुल मिलाकर देखा जाए तो आरोप-प्रत्यारोप से अलग, इस फैसले ने उन शिकायतों को दूर किया है, जिनसे कुछ लोगों के मुताबिक चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हो रही थी। इस लिहाज से फैसले ने लोकतंत्र की विश्वसनीयता को बढ़ाया है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

# सयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने किया भारत बंद का समर्थन

**सैकड़ों किसानों ने एकत्रित होकर शहर के मुख्य बाजार में किया प्रदर्शन**

**करीब 3 घंटे तक मुख्य मार्ग को किया जाम**



**सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी**

**सिवानी मंडी।** सयुंक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में खंड के सैकड़ों किसानों और मजदूर किसान सभा के तहसील प्रधान रामकिशन भाकर व मजदूर नेता कुलदीप बड़वा की अध्यक्षता में शहर के शहीद भगतसिंह किसान भवन में एकत्रित हुये। किसानों और मजदूरों ने किसान भवन से होते हुये शहर के मुख्य बाजार में विरोध प्रदर्शन किया और सयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा भारत बंद आह्वान के तहत किसानों ने करीब तीन घंटे तक शहर का मुख्य मार्ग जाम किया। धरने को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के नेता दयानन्द पूनिया ने कहा की मोदी सरकार शांतिपूर्वक तरिके से आदोंलन कर रहें किसानों पर बेवजह लाठीचार्ज और गोलियां चला रही है। उन्होंने कहा की सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने के लिये इंटरनेट सेवा और सड़कें बंद करने सहित अनेको दमनकारी नितियां अपनाकर आदोंलन को कुचलने का यत्न कर रही हैं। उन्होंने कहा की किसानों की मांग जायज है और सरकार को किसानों से बातचीत करके बेझिझक सभी मांगों को पूरा करना चाहिए नहीं तो जल्दी ही सयुंक्त किसान मोर्चा बड़े आदोंलन के लिये रूपरेखा तैयार करने को मजबूर होगा और सरकार को इसका बड़ा खामयाजा भूगतान पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता बलवान बागडी, बिजेंद्र सिंह, सुकरम जागलान, बिल्लु गोदारा, विनोद खेड़ा, विक्रम गैंडावास, अंतर कस्वां, धर्मबीर दुहन, राजमल देहडू, रामचंद्र फौजी, निर्मला देवी, सोनू पिलानियां, महावीर भौभिया, सुरेन्द्र बाबल, हरिसिंह मतानी, रोशन लाल, राजबीर बैनिवाल, मा. उमराव और जयसिंह सहित अनेकों किसान मौजूद थे।

# संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ग्रामीण भारत बंद के तहत आज चौधरीवास टोल पर धरना प्रदर्शन कर टोल फ्री रखा



**सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी**

**सिवानी मंडी।** चौधरीवास कमेटी ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंद के तहत आज चौधरीवास टोल पर 12 से 3 बजे तक धरना प्रदर्शन किया और टोल फ्री किया।। चौधरीवास टोल कमेटी संयुक्त किसान मोर्चा के आदेश का पालन करेगी। संयुक्त किसान मोर्चा जो भी फैसला ले चौधरीवास टोल कमेटी उसे लागू करेगी अगर दिल्ली ट्रेक्टर ले जाने का आदेश आता है तो चौधरीवास टोल से हजारों की संख्या में ट्रैक्टर लेकर जाएंगे। संयुक्त किसान मोर्चा चौधरीवास टोल कमेटी के अध्यक्ष सोमवीर पिलानिया ने जारी प्रेस ब्यान में बताया कि चौधरीवास टोल कमेटी ने शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान 16 फरवरी ग्रामीण भारत बंद के आह्वान पर आज टोल पर 45 गांवों की पंचायत करके धरना प्रदर्शन कर 3 घंटे टोल फ्री रखा गया। आज संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियनों,कर्मचारियों और ट्रांसपोर्ट युनियनों ने संयुक्तरुप से ग्रामीण भारत बंद को सफल बनाने का फैसला किया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने लोगों से अपील की है कि 16 फरवरी को गांव से कोई भी चीज शहर नहीं जाएगी और शहर से भी कोई समान लेने खरीदने नही जाएगा। आज 16 फरवरी को सभी मजदूर किसान-मजदूर,कर्मचारी और ड्राईवर ने काम की छुट्टी की। टोल प्रशासन व पुलिस प्रशासन से बात चीत कि किसी किसान को टोल पर परेशान ना किया जाए और पुलिस प्रशासन बेवजह किसानों के घरो पर दबीस देकर परेशान ना करें दिलबाग सिंह हुड्डा, सतीश बेनीवाल, विजय जागलान, विजेंद्र भांभू, अनिल गोरछी, विकास गावड़, सुनील साइ, तायल मायला, रामफल भेरीया आदि शामिल रहे।

# नेहरू कॉलेज में हुआ दो दिवसीय नेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स वर्कशॉप का भव्य समापन



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** नेहरू कॉलेज फरीदाबाद में दिनांक 15 एवं 16 फरवरी को नेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कालेज की प्राचार्या डॉ रुचिरा खुल्लर व BIS की डॉयरेक्टर मिस विभा रानी के सानिध्य में भौतिकी की विभागाध्यक्ष व वर्कशॉप की संयोजक डॉ पारुल जैन व सहसंयोजक डॉ नीतू सोरोत ने बहुत ही बढ़िया व व्यवसथित तरीके से वर्कशॉप को अंजाम दिया। मुख्य अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्रीमान बिजेंद्र सोरोत जी व डिसट्रिक्ट ट्रेनिंग ऑफिसर श्रीमान पुरुषोत्तम सैनी जी, BIS की डायरेक्टर मिस विभा रानी मौजूद रहे। BIS से डिप्टी डायरेक्टर श्रीमान विजय, श्रीमान अर्नोब, श्रीमान गौरव, श्रीमती पारुल, मिस सना उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ दुर्गेश शर्मा ने किया। श्री विजेंद्र सोरोत जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए हमेशा आगे बढ़ने व नया सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। श्रीमान पुरुषोत्तम जी ने सबको बहुत ही अच्छी शायरी और वक्तव्य से उत्साहवर्धन किया। वर्कशॉप में करीब 70 ऑफलाइन व 100 से भी अधिक ऑनलाइन प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पूरे वर्कशॉप के दौरान छात्रों में कुछ नया सीखने का उत्साह मौजूद रहा। कार्यक्रम के आयोजन कमिटी में भौतिक विभाग से डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ नीनू सैनी, डॉ उमा शेखावत, डॉ रिम्पी, श्रीमती ज्योति नरवत, श्रीमती श्रुति वर्मा, श्रीमती सरिता त्यागी ने वर्कशॉप के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एमएससी प्रथम वर्ष के छात्र धीरज, विकास, इमरान, शिवम, विकास, सुमित, आशीष व बीएससी तृतीय वर्ष के विकेश ने स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर के दायित्व संभाल कर भौतिक विभाग के शिक्षकों को गोरांवित किया। सभी कोऑर्डिनेटर छात्रों को शील्ड व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। BIS के डॉ अर्णव समूई ने कार्यक्रम के अंत में क्विज का आयोजन किया एवं जीतने वाले प्रतिभागियों को उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम में पूर्व एचओडी डॉ राजेश, विज्ञान विभाग की डीन डॉ शालिनी मल्होत्रा भी मौजूद रहे। कुल मिला के बहुत ही शानदार तरीके से कॉलेज के प्रांगण में दो दिवसीय वर्कशॉप का समापन हुआ। सफल कार्यक्रम के लिए BIS की टीम ने और प्राचार्या रुचिरा खुल्लर ने भौतिकी विभाग और पारुल जैन को बधाई शुभकामनाएँ दी।

# मोदीजी के नेतृत्व में भारत पुनः सोने की चिड़िया बनेगा : राजेश नगर



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** हजारों लोगों की उपस्थिति में तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुन: सोने की चिड़िया बनेगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत नवनिर्माण के रास्ते पर चल रहा है।

वह यहां तिगांव अनाज मंडी में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवाड़ी में एम्स शिलान्यास समारोह के लाइव कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर तमाम सरकारी विभागों की सेवाएं भी जनता के लिए उपलब्ध थीं। राजेश नागर ने कहा कि आज देश और प्रदेश में बिना खर्ची बिना पर्ची के नौकरियां लग रही हैं। आज हमारा युवा अपनी योग्यता के दम पर नौकरियां प्राप्त कर रहा है। भाजपा ने राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार को तेजी से खत्म करने की तरफ कदम बढ़ाया है। नागर ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी में एक नए एम्स का शिलान्यास कर रहे हैं जबकि इससे पहले वह झज्जर में एक एम्स हमें पहले दे चुके हैं। एक जमाना था जब पूरे देश में केवल दिल्ली में एम्स हुआ करता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक दर्जन एम्स बनवा दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जहां 2014 तक देश में 70 हवाई अड्डे थे आज यह संख्या 150 पार कर गई है। आज पूरे देश में सड़कों का जो सघन जाल फैला है। उससे विकास को पंख लग रहे हैं। नागर ने कहा कि आज तिगांव विधानसभा में इतने विकास कार्य हो रहे हैं कि वह देखते ही बनता है। तिगांव शिक्षा का हब बन रहा है। वहीं सड़क मजबूत हो रही हैं।

उन्होंने मौजूद स्थानीय जनता से कहा कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को पूरा करने में अपना योगदान दें और तीसरी बार भी उन्हें प्रधानमंत्री बनने के लिए वोट करें। मोदी जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र देखने का जो सपना देखा है। वह उस पर बहुत तेजी से चल रहे हैं। आप लोगों को ध्यान रखना है कि विकास की यह गति रुक ना जाए।

इस अवसर पर फरीदाबाद एसडीएम अमित गुलिया, सरपंच सूरजपाल भूरा, सरपंच भुआपुर कर्नल गिरधारी, शाहाबाद सरपंच बलवीर, सुरेंद्र बिधूड़ी, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, हरिश्चंद्र नागर, राजेंद्र नागर, जसाना सरपंच मनोहर, तिगांव सरपंच विक्रम प्रताप नागर, जय किशन वर्मा, तिगांव अधाना पट्टी सरपंच प्रतिनिधि वेद प्रकाश अधाना, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश, भाजपा जिला महासचिव मनोज वशिष्ठ, तहसीलदार तिगांव अजय कुमार, लाल मिश्रा, शीशराम अवाना, प्रहलाद शर्मा, सुधीर नागर, कर्मवीर अधाना, गिरिराज त्यागी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सब्जी मंडी जा रहे किसान के ट्रैक्टर ट्राली को ट्रक ड्राइवर ने पीछे से मारी टक्कर, मौत

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** यातायात नियमों का वाहन चालकों द्वारा पालन नहीं करने पर आए दिन सड़क मार्गों पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के बारे में लगातार जानकारी दी जा रही हैं लेकिन उसके बाद भी वाहन चालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं । जिसका नतीजा होडल के नेशनल हाईवे पर देखने को मिला । खेत से सब्जी तोड़कर ट्रैक्टर ट्राली में लादकर मंडी ले जा रहे किसान की ट्राली को दिल्ली की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ड्राइवर ने पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगते ही किसान की ट्रैक्टर ट्रॉली नेशनल हाईवे पर पलट गई और 35 वर्षीय किसान की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस ने किसान के सबको कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में भिजवा दिया।थाना प्रभारी उमर मोहम्मद ने बताया कि शहर के कुंज विहार कॉलोनी निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार की सुबह पांच बजे के करीब प्रतिदिन की तरह डबचिक पर्यटन स्थल की तरफ घूमने के लिए गया हुआ था,जब वह वापस घर की ओर जाने लगा तो दिल्ली की तरफ से तेज रफ्तार में लापरवाही से ड्राइविंग करते हुए ड्राइवर ने ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया और ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत हो गई। मृतक किसान की पहचान 35 वर्षीय देशराज निवासी गांव बेढ़ा पट्टी के रूप में हुई । पुलिस ने प्रदीप की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर, ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है । पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# पुलिस ने बागोत गोशाला के समीप कार से 5 पेटी अवैध बीयर बरामद की, चालक के विरूद्ध केस दर्ज

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव बागोत गोशाला के समीप पुलिस ने 5 पेटी अवैध बीयर बरामद की है। इस बारे में कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि ईआरवी वाहन पर कार्यरत पुलिस कर्मियों की सूचना के आधार पर पुलिस ने गोशाला के पास एक करोला कार को कब्जे में लेकर तलासी ली तो उसमें 5 पेटी बीयर रखी हुई थी। जिसमें गाड़ी चालक मनोज कुमार वासी पोता सवार था। पुलिस ने उपरोक्त बीयर मार्का किंग फिशर स्ट्रोंग को कब्जे में ले लिया। गाड़ी चालक से बीयर का लाईसेंस व परिमिट मांगा तो वह पेश नहीं कर सका। पूलिस पूछताछ में गाड़ी चालक मनोज कुमार ने बताया कि वह 5 पेटी बीयर कारोली,जिला रेवाड़ी के मेन ठेके से लेकर आया है। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम सहित आईपीसी की धारा 120बी के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कनीना शाखा के जन स्वास्थ कर्मियों ने मागों को लेकर की नारेबाजी



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** अखिल भारतीय सरकारी कर्मचारी परिसंघ के आह्वान पर शुक्रवार को जन स्वास्थ विभाग ब्रांच कनीना के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लिया। विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधान वेदपाल ने कहा कि सरकार के अड़ियल रवैये के चलते कर्मचारियों को मांगे मनवाने के लिए हड़ताल करनी पड रही है। सरकार समय रहते कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा नहीं करती है तो भविष्य में उन्हें आदोंलन करना पडेगा। प्रधान ने कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर रही है। इस मौके पर कृष्ण कुमार पुनिया, जयपाल यादव, संजय शर्मा, वेद प्रकाश, राकेश खोला, सचिन शर्मा, जसवंत सिंह, राकेश डहीना, अमित कुमार, परमजीत हाजिर थे।

# कनीना-अटेली सड़क मार्ग पर मोहनपुर के समीप घटित सड़क हादसे में एक घायल

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-अटेली सडक मार्ग पर मोहनपुर के समीप घटित एक सडक़ हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस बारे में राजकुमार वासी करीरा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह दूध की पिकअप गाड़ी पर हैल्पर का कार्य करता है,गाड़ी चालक कुलदीप वासी खातोद है। बीती 14 फरवरी को रात्री 10 बजे वे ढाणा गांव से दूध लेकर आ रहे थे तब सामने से आ रहे एक बोलेरो चालक ने बिना संकेत किए गाड़ी मोहनपुर की ओर मोड़ दी। जिससे पिकअप के साथ टक्कर हो गई। इस हादसे में गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई वहीं राजकुमार को भी चौटें आई। घायल को उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया गया। पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ भादस: की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा सालभर पूर्व शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 341वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता हंसकुमार सेहलंग ने की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रेवाड़ी के माजरा में एम्स का शिलान्यास किया है,वहां पर भी संघर्ष समिति की ओर से धरना दिया जा रहा था। जनहित को ध्यान में रखते हुए एनएच पर भी कट का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाना चाहिए। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सर्दी के बीच ग्रामीण कट बनाने की मांग को लेकर धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री, बेड़ा सिंह, रामकिशन, सूबेदार सुखबीर सिंह, हरिओम पोता, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

# एसडी विद्यालय ककराला के 75 विद्यार्थियों ने किया जेईई मंस क्वालिफाई



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हाल ही में जारी हुए जेईई मेंस परीक्षा परिणाम में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के 75 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के चेयरमैन जदगेव यादव ने बताया कि छात्र रितिक ने 97.96 परसेंटाइल अर्जित कर श्रेष्ठ स्थान हासिल किया है। शानदार परिणाम मिलने पर एसडी प्रांगण में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस उपलिब्ध पर विद्यालय चैयरमैन जगदेव यादव, सीईओ आरएस यादव, प्राचार्य औमप्रकाश यादव ने कोचिंग प्राध्यापकों के उचित मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग व विद्यार्थियों की कडी मेहनत की प्रशंसा की है। चैयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि एक ही विद्यालय से 75 विद्यार्थियों द्वारा जेईई मेन में शानदार परसेंटाइल प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एसडी विद्यालय अभिभावकों का एक विश्वास है जहॉ पर प्रत्येक विद्यार्थी को उसके मुकाम तक पहुॅचाने के लिए प्रत्येक शिक्षक अपने कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्व है। एसडी विद्यालय विद्यार्थियों के लिए खुला मंच है जहॉ वे शिक्षा के साथ-साथ विज्ञान और प्रोद्योगिक, सांस्कृतिक गतिविधियों व खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं।

# दो दिवसीय जागरूक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा में खंड गुरुग्राम का दो दिवसीय जागरूक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर खण्ड समन्वयक अधिकारी श्रीमती दीप्ति बोकेन, प्रधनाचार्य सुशील कुमार कनवा, प्रवक्ता रामकिशन वत्स, प्रवक्ता नवीन भारद्वाज, प्रवक्ता बिन्दु दक्ष द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा सभी को सम्मान पट्टिका देकर स्वागत किया गया। शिविर में कुल 30 सामान्य अध्यापक, 25 दिव्यांग विद्यार्थियों के अभिभावक 5 एसएमसी सदस्यों 10 ऑफिशियल ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों, अध्यापकों को समावेशी शिक्षा सभी परकार को दिव्यांगताओं को मूल भूत जानकारी, दिव्यांग विद्यार्थियों की असेसमेंट किस परकार की जानी है तथा कक्षा में क्लास रूम मैनेजमेंट में क्या क्या चेंज करने चाहिए तथा क्या नही करना चाहिए और क्या सावधानी रखनी चाहिए। अभिभावकों और सामान्य अध्यापकों और कम्युनिटी का दिव्यांगजन के प्रति क्या रोल और क्या जिमेदारी है इसके बारे में रिसोर्स पर्सन श्रीमति अंजू वर्मा, श्रीमति मीना कुमारी, श्रीमति स्नागीताऔर रमेश शर्मा द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया।

# लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद ही आचार संहिता होगी लागू

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को अपने घोषणा पत्र जारी करने के तीन दिन के अंदर चुनाव घोषणा पत्र की तीन कापियां सीईओ कार्यालय, चंडीगढ़ में जमा करवानी होंगी। अग्रवाल ने बताया कि यदि किसी भी राजनीतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो उसकी अनुमति संबंधित जिला अथॉरिटी से लेनी जरूरी है और उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगलो और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। कोई भी राजनीतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम जिला स्तर पर बनाई गई है जो उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर विभिन्न प्रकार से नजर रखेगी। ताकि कार्यक्रमों में उम्मीदवार द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया जा रहा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणावासियों को दी 9770 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

**जिला रेवाड़ी के माजरा मुस्तकिल भालखी गांव में प्रधानमंत्री ने 1650 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले देश के 22वें एम्स का किया शिलान्यास**

**5450 करोड़ रुपये की गुरुग्राम मेट्रो परियोजना सहित 4 अन्य रेल लाइनों के दोहरीकरण परियोजनाओं का भी किया शिलान्यास**

**890 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रोहतक-महम-हांसी नई रेल लाइन का शुभारंभ करने के साथ ही इस लाइन पर झंडी दिखाकर करी रेल सेवा की शुरुआत**







**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किसानों, खिलाडिय़ों और वीरों की धरती हरियाणा को आज एक बार फिर से 9770 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी है। उन्होंने आज देश के 22वें एम्स की घोषणा को मूर्तरूप देते हुए जिला रेवाड़ी के माजरा मुस्तिल भालखी गांव में लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का शिलान्यास किया। यह संस्थान हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में मील का पत्थर साबित होगा, जो हरियाणावासियों तथा अन्य प्रदेशों के लोगों को उच्च स्तर की आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

आज जिला रेवाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में रेल तंत्र को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए वर्चुअल माध्यम से 5450 करोड़ रुपये की लागत की गुरुग्राम मेट्रो परियोजना का भी शिलान्यास किया। गुरुग्राम मेट्रो लाइन नये गुरुग्राम को पुराने गुरुग्राम से जोड़ेगी, जिससे यात्रा के समय में बचत होगी। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से ही 470 करोड़ रुपये की लागत से भिवानी-डोभ भाली रेल लाइन, 410 करोड़ रुपये की लागत से मानहेरू-बवानी खेड़ा रेल लाइन, 350 करोड़ रुपये की लागत से रेवाड़ी-काठूवास रेलवे लाइन तथा 310 करोड़ रुपये की लागत से काठूवास-नारनौल रेल लाइन दोहरीकरण परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इन लाइनों के दोहरीकरण होने से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और यातायात व माल ढुलाई सुगम होगी।

**रोहतक-महम-हांसी नई रेल लाइन का हुआ शुभारंभ :**

प्रधानमंत्री ने 890 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रोहतक-महम-हांसी नई रेलवे का भी शुभारंभ किया और झंडी दिखाकर इस लाइन पर पहली रेल सेवा की शुरुआत भी की। इस रेल लाइन से हिसार से दिल्ली को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके अलावा, इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। रोजगार में बढ़ोतरी के साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति का भी मार्ग प्रशस्त होगा।

**ज्योतिसर अनुभव केंद्र का किया उद्घाटन, तीर्थ यात्रियों को महाभारत से जुड़े प्रसंगों को सजीव रूप से देखने का मिलेगा अवसर :**

नरेंद्र मोदी ने धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 240 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ज्योतिसर अनुभव केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस अनुभव केंद्र में महाभारत की कहानी से संबंधित कलात्मक, विषयगत और मल्टीमीडिया कथा प्रदर्शनी की जाएगी। यह संग्रहालय टच इंटरैक्टिव डिस्प्ले, एल.ई.डी दीवारें, प्रोजेक्शन स्क्रीन, इमर्सिव रूम, काइनेटिक्स इंस्टॉलेशन आदि जैसी प्रयोगात्मक तकनीकों के साथ बनाया गया है। इस केंद्र के माध्यम से धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र आने वाले तीर्थ यात्रियों को महाभारत से जुड़े प्रसंगों को सजीव रूप से देखने का अवसर मिलेगा। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसमें प्राचीन भारत से वर्तमान के गौरवशाली भारत की तुलना देखने को मिलेगी, जिससे आने वाली पीढिय़ा प्रेरित होगी। कार्यक्रम में केंद्रीय सांखयिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत, हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद बिप्लब देव, लोकसभा सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी और सांसद धर्मबीर सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने झूठ बोलने की सभी सीमाएं की पार: कैप्टन अजय यादव

**प्रधानमंत्री ने रेवाडी में दिए केवल कौरे आश्वासन: कैप्टन अजय सिंह यादव**

**एम्स के लिए ईलाके की जनता ने खूब किया संघर्ष, जनता बधाई की पात्र**

**2013 में प्रधानमंत्री ने रेवाडी में ही वन रैंक वन पेंशन की घोषणा की थी, आज भी जवान दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रहे हैं।**

**अगनीवीर लाने के बाद तो नौकरी ही नही रहेगी तो फिर कैसे मिलेगी वन रैंक वन पेंशन, ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसूरी।**



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्टीय चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेवाड़ी में दिए गए भाषण को केवल कौरे आश्वासन करार दिया है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री ने झूठ बोलने की सभी हदें पार कर दी हैं। एम्स का अभी तो शिलान्यास ही हुआ है, जिसमें ईलाके की जनता का बहूत बडा योगदान है। एम्स संघर्ष समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों व राजनैतिक लोगों ने पूरा साथ दिया है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक शब्द भी ईलाके की जनता के लिए न बोलकर अकेले श्रेय ले रहे हैं कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा 2 महीने बाद चुनाव होने हैं उसके बाद भाजपा फिर से एम्स को भूल जाएगी। जिस तरह वर्ष 2013 में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन रैंक, वन पेंशन देने की बात कही थी जबकि आज 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी देश की सेवा करने वाले जवान जंतर मंतर दिल्ली में धरने पर बैठे हैं। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा यह कहना कि वन रैंक, वन पेंशन के 1000 करोड रूपये में से अकेले हरियाणा को 500 करोड दिए गए है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने झूठ बोलने की भी सभी सीमाएं पार कर दी हैं। श्री यादव ने कहा अगनिवीर के आने के बाद तो वन रैंक, वन पेंशन किसको दोगे। प्रधानमत्री मोदी जी ने ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसूरी वाली बात सत्य करके दिखा दी है क्योंकि जब नौकरी ही नही रहेगी तो पेंशन किसकों दोगे। कैप्टेन अजय सिंह ने कहा प्रधानमंत्री जी ने अपने भाषण में कहा है कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज बन गया है। प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठकर इस तरह से झूठ बोलना प्रधानमंत्री जी को शोभा नही देता, या फिर यूं बताएं किस-किस जिले में मेडिकल कॉलेज बना है। जनता को इस तरह झूठ बोलकर वोट हथियाने का कार्य ही मोदी जी को आता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूग्राम में मेट्रो की सौगात दी लेकिन प्रधानमंत्री जी बताएं कि आपके प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 10 वर्षों में एक पिलर भी मेट्रो का बना हो। मेट्रो को लाने वाली कांग्रेस पार्टी थी। इसके अलावा डिफेंस यूनिवर्सिटी, रेवाड़ी व धारूहेड़ा का बस स्टैंड, रेवाड़ी का राजकीय कॉलेज, गुरुग्राम का सिविल अस्पताल, गुरुग्राम में बनने वाली यूनिवर्सिटी इत्यादि पर एक शब्द भी प्रधानमंत्री जी ने नहीं बोला। दक्षिण हरियाणा की जनता को प्रधानमंत्री से बहुत उम्मीद थी लेकिन दक्षिणी हरियाणा के हाथ आज भी खाली हैं।

# केएलपी कॉलेज में आयोजित आत्मरक्षा शिविर के दूसरे दिन सैकड़ो छात्राओं ने दिखाया उत्साह



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला मुख्यालय स्थित किशनलाल पर्बलिक कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ के तत्त्वावधान में महाविद्यालय की छात्राओं के लिए आयोजित दो दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतिम दिन सैकड़ो छात्राओं ने सहभागिता की।

उक्त जानकारी देते हुए महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती बबीता मेहरा ने बताया कि कराटे प्रशिक्षक मास्टर आर्यन ने किक और पंच से आक्रमण के साथ बचाव के विभिन्न तरीके भी छात्राओं को सिखाएँ। छात्राओं को आत्मरक्षा के अनेक तरीके बताते हुए आर्यन ने कहा कि जो छात्राएँ इस कार्यशाला में नहीं आई, वे आज बहुत कुछ सीखने से वंचित रह गई। प्राचार्य डॉ. कविता गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आत्मरक्षा शिविर हमें शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत करते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को इनमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

कार्यशाला में कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती बबीता मेहरा सहित डॉ. जया शर्मा, श्रीमती पुष्पा यादव, डॉ. मंजू गर्ग, श्रीमती संगीता, श्रीमती शिक्षा, मुकुट अग्रवाल, डॉ. अनीता, श्रीमती हिमांशी, सुश्री रुचिका, सुश्री खुशबू राव आदि सदस्यों ने स्वयं भी कार्यशाला का हिस्सा बनकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कॉलेज कार्यकारिणी के प्रधान अमित गुप्ता, उपप्रधान संदीप खंडेलवाल, महासचिव कपिल कुमार गोयल और कोषाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल ने इस प्रकार की कार्यशालाओं को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. कविता गुप्ता ने महाविद्यालय की ओर से कराटे प्रशिक्षक मास्टर आर्यन को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यशाला के अंत में डॉ. मंजू गर्ग ने प्रशिक्षक, छात्राओं तथा उपस्थित प्राध्यापकों का आभार प्रकट करते हुए छात्राओं से इन आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों का नियमित अभ्यास करते रहने की प्रेरणा दी।

# प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्राओं ने ली मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी




**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए लघु सचिवालय में लगाई गई प्रदर्शनी का आज राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की छात्राओं ने अवलोकन कर मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने बारी-बारी से लगाई गई सभी प्रदर्शनियों का अवलोकन कर मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर महिला महाविद्यालय की हिंदी प्रवक्ता डॉ ममता शर्मा, निर्वाचन नायब तहसीलदार विनोद तंवर मौजूद थे।

# छात्र को जिला न्यायालय से मिला न्याय, न्यायालय ने दिलवाये 12वीं कक्षा के छात्र के रोल नम्बर

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला न्यायालय से एक छात्र को फिर न्याय मिला है। निम्न जानकारी देते हुए एडवोकेट कैलाश चन्द ने बताया कि जिला रेवाड़ी के धारूहेड़ा निवासी छात्र अभिषेक गौर कक्षा चौथी से सी.डी. फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल धारूहेड़ा में शिक्षा ग्रहण करता आ रहा था, जो इस वर्ष कक्षा 12वी का छात्र है। छात्र की बहन ने वर्ष 2021 में इसी स्कूल से कक्षा12वी पास कर ली थी। छात्र के अभिभावक अब तक स्कूल द्वारा मांगी जा रही सभी फीस का भुगतान करते आ रहे थे। पिछले 2 वर्ष पहले छात्र के पिता किसी भयंकर बीमारी से पीड़ित हो गए जिसका उपचार दिल्ली के एम्स हस्पताल में चल रहा है, जिस कारण परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई, तब छात्र के अभिभावक को स्कूल द्वारा मांगी जा रही फीस का भुगतान करने में दिक्क्क्त होने लगी, जिस कारण स्कूल ने छात्र को काफी दिन शिक्षा से वंचित कर दिया।

परिवार काफी मुसीबत की स्थिति में आ गया, जिसके उपरांत छात्र के अभिभावकों ने अधिवक्ता कैलाश चंद से मुलाकात की। अधिवक्ता ने इसकी शिकायत निदेशक शिक्षा विभाग पंचकूला, चेयरमैन /डिविजनल कमिश्नर फीस- एन्ड फण्ड रेगुलेटरी कमेटी, जिला उपायुक्त रेवाड़ी, जिला शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी, को भेजी, जिस पर स्कूल ने छात्र को पुन: शिक्षा देनी सुरु कर दी। जिसके उपरांत छात्र के 12वी कक्षा बोर्ड एग्जाम दिनांक 19 फरवरी 2024 से होने के लिये बोर्ड द्वारा डेट-सीट जारी कर दी। बोर्ड एग्जाम के लिये छात्र अपने रोल नम्बर लेने स्कूल में गया तो स्कूल ने छात्र को रोल नम्बर देने से ये कहते हुए मना कर दिया कि जब तक हमारे द्वारा बताई गई फीस जमा नही करोगे तब तक हम आपके रोल नम्बर नही देंगे। इसकी शिकायत भी छात्रा के अभिभावक ने जिला उपायुक्त रेवाड़ी, जिला शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी को भेजी गई, परंतु अधिकारियो नें छात्र को रोल नम्बर नही दिलवाये। जिसके उपरांत छात्र के अभिभावक नें पुन: अधिवक्ता कैलाश चंद से मुलाकात की। अधिवक्ता ने छात्र द्वारा स्कूल में जमा फीस की रसीदों को देखा तो पाया कि स्कूल ने छात्र से नियमो के विरुद्ध फीस वसूल की हुई है, इस हिसाब से तो छात्र के ही पैसे स्कूल की तरफ निकलते हैं। इसलिये एडवोकेट ने बिना देरी किये छात्र की समस्या का केस जिला न्यायालय रेवाड़ी में दायर कर दिया। जिसकी की पहली तारीख आज दिनांक 16-02-2024 को हुई। जिसमे न्यायालय रूपा मैडम की अदालत में दोनों पक्षो ने अपनी- अपनी बात रखी। जिस पर न्यायालय ने स्कूल को कहा कि छात्र के रोल नम्बर आज ही दे दिए जाएं। जिस पर छात्र ने स्कूल से रोल नम्बर प्राप्त कर लिए। जिसके बाद छात्र ने माननीय अदालत ओर अपने अधिवक्ता कैलाश चंद का धन्यावाद प्रकट किया और अपने एग्जाम की तैयारी में जुट गया।वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने पत्र जारी कर सभी निजी स्कूलों को आदेश दिए हैं कि कोई भी निजी स्कूल किसी भी बच्चे की एसएलसी नहीं रोक सकता चाहे उसने फीस दी है या नहीं।

# अपशिष्ट प्रबंधन में युवा करें सक्रिय भागीदारी : प्रो. टंकेश्वर कुमार

**हकेवि में दीर्घकालीन जीवन शैली के लिए अपशिष्ट प्रबंधन पर वेबिनार आयोजित**




**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** वर्तमान समय में अपशिष्ट प्रबंधन बड़ी समस्याओं में से एक है। इस समस्या से न केवल महानगर पीड़ित हैं अपितु बढ़ती जनसंख्या तथा अपशिष्ट प्रबंधन की सही जानकारी न होने के कारण यह समस्या हर शहर में देखी जा सकती है। अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान सही तरीके से न होने के कारण एक तरफ तो भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलती जा रही हैं। ऐसे में जरूरत है कि हमारे युवा आगे आकर अपशिष्ट प्रबंधन में अपनी सकारात्मक भागीदारी कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए 'स्वच्छ भारत अभियान' के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें। ये विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय में दीर्घकालीन जीवन शैली के लिए अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। वेबिनार में एमिटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम के पृथ्वी एवं पर्यावरण विभाग में सहआचार्य डॉ. पूजा सिंह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

विश्वविद्यालय के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित इस वेबिनार को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन के सही तरीके से निपटान के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है। समकुलपति ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से इस क्षेत्र में युवाओं की भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइन लोंग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि विभाग विश्वविद्यालय कुलपति के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करवाता है। वेबिनार में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. पूजा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को वेस्ट को केवल वेस्ट नहीं समझना चाहिए इसे उचित तकनीक के द्वारा बेस्ट में बदलने की तकनीकों की खोज करनी चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों को अपशिष्ट प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों से भी अवगत कराते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में अपशिष्ट प्रबंधन एक मुख्य पहलू है। डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से भी अवगत कराया। वेबिनार में प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, शालू सैनी, पिंकी व नसीब ने आयोजक समिति के सदस्यों के रूप में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की समन्वयक डॉ. सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# बीडीपीओ कार्यालय में भूजल सहेली कार्यशाला आयोजित



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** अटल भूजल योजना के तहत आज बीडीपीओ कार्यालय में नारनौल खंड के सभी ग्राम पंचायतों के भूजल सहेली और लाइन डिपार्टमेंट्स जे ऑफिसर्स के लिए एक दिवसीय खंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों को अटल भूजल योजना और उसके उद्देश्य से अवगत करवाया तथा भूजल सहेली के जिम्मेदारियां और कार्यों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया। मुख्य रूप से अटल भुजल योजना के प्रति जनजागृति, फील्ड लेवल इंस्ट्रूमेंट जैसे वाटर लेवल मॉनिटरिंग, रेन गॉज डेटा कलेक्शन साथ ही पीजोमीटर के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में मौजूद लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को कन्वर्जेन्स के बारे में जानकारी प्रदान की। डिपार्टमेंट के द्वारा अटल भूजल योजना की प्रोत्साहन राशि के द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर कृषि विभाग से एडीओ रविप्रकाश, ब्लॉक रिसोर्स पर्सन पीएचईडी इंद्रजीत, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से हितेश जिंदल, संदीप, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से तुषार तांबेकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से भूजल एक्सपर्ट रोहित शुक्ला के अलावा अविनाश, जोगिंदर यादव, अजय सिंह राठौर, तरुण यादव, सुरेंद्र यादव, विकास यादव, रीना यादव, रवि यादव, अंकित गुप्ता, प्रवीण कुमार मौजूद थे।

# हजारों किसानों कर्मचारियों व स्कीम वर्करों ने जलूस निकालकर की हड़ताल

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन तथा कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर राष्ट्रीय प्रतिरोध दिवस, मजदूर-कर्मचारियों की हड़ताल व ग्रामीण बंद को लेकर आज हजारों किसानों कर्मचारियों व स्कीम वर्करों ने देवीलाल पार्क से चलकर शहर में जलूस निकालकर बस अड्डे पर कार्यक्रम का समापन किया। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता उदय सिंह सरपंच व सीआईटीयू की जिला प्रधान उर्मिला रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन किसान सभा के जिला प्रधान धर्मचन्द ने किया।जलूस से पहले देवीलाल पार्क में इकट्ठे होकर आम सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव बीजू कृष्णन तथा खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव विक्रम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में शामिल किसान मजदूरों ने सरकार व प्रशासन द्वारा किसानों पर किए जा रहे दमन व अत्याचार की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए किसानों की मांगों का बातचीत से समाधान करने की मांग की। संयुक्त किसान मोर्चे के राष्ट्रीय नेता बीजू कृष्णन व मास्टर महेंद्र सिंह चौहान ना कहा कि 2 साल पहले देश के किसानों की व्यापक एकता के चलते 13 महीने चले ऐतिहासिक किसान आंदोलन के आगे केन्द्र सरकार को घुटने टेकने पड़े और तीन काले कानून वापस करवाने में सफलता मिली थी । इस आंदोलन में मजदूरों और आम जनता का व्यापक समर्थन मिला था।लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद की कानूनी गारंटी, किसान मजदूर की कर्ज मुक्ति, बिजली निजीकरण विधेयक की वापसी के मामले में जो वायदे किए गए थे, उन पर केन्द्र सरकार द्वारा वायदा खिलाफ़ी की गई है।मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए पारित चार लेबर कोड्स को भी सरकार वापस नहीं ले रही। कुख्यात लखीमपुर-खीरी कांड की साजिश रचने वाले मंत्री को पद से नहीं हटाया गया है। किसान मजदूर के हितों को ध्यान में रखते हुए जो भूमि अधिग्रहण कानून (2013) बनवाया गया था। भाजपा सरकारों द्वारा उसमें बदलाव करके जमीनें भी छीनकर कॉरपोरेट



कंपनियों को देने का रास्ता साफ कर दिया है। किसान का गन्ना, कपास, सरसों, धान, सब्जियां और अन्य फसलें लूटी जा रही हैं। इन फसलों के लागत खर्च बढ़ने और पूरे भाव न मिलने से काश्तकारों पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। फसल खराबे के मुआवजे और बीमा क्लेम जारी नहीं किए जा रहे।

मनरेगा जैसी योजना में बजट घटाकर, काम मिलने पर तमाम तरह के अडंगे डाले गए हैं जिससे बड़ी संख्या में मनरेगा वर्करों को काम से वंचित कर दिया है। स्कीम वर्कर, अस्थाई कर्मचारी व अन्य श्रमिक न्यूनतम वेतन के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।निर्माण श्रमिकों सहित सामाजिक कल्याण की सुविधाओं को अघोषित रूप से बंद किया जा रहा है। अभूतपूर्व महंगाई और बेरोजगारी ने आम लोगों के जीवन को और भी दूभर बना दिया है। स्मार्ट मीटर लगाकर गरीब लोगों को अंधेरे में रखने की योजना बन रही है। गांव व शहर में आवास का भारी संकट है। फैमिली आई डी के नाम पर तमाम कल्याणकारी योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। हाल ही में पारित भारतीय न्याय संहिता 2023 में ड्राइवरों को सजा व जुर्माने के खतरनाक प्रावधान किए गए हैं।

कर्मचारी नेता जितेंद्र तेवतिया व जिलेसिंह तथा योगेश शर्मा ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकारें जनता के खून पसीने से खड़ी की गई देश की बहुमूल्य संपततियों को अडानी- अंबानी जैसे बड़े पूंजीपतियों और देसी- विदेशी कॉर्पोरेट के हाथों में बेचने का राष्ट्र-विरोधी काम करने में लगी हैं । स्कूल में मास्टर नहीं, अस्पताल में डॉक्टर नहीं। रेलवे, बिजली, रोडवेज, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे सारे सरकारी विभागों का निजीकरण हो रहा है। ऐसा करके एक तरफ जनकल्याण की सुविधाओं से आम जनता की बेदखली है। दूसरी तरफ सरकरी क्षेत्र में नौकरी मिलने के सभी रास्ते बंद किए जा रहे हैं । लाखों पद केंद्र व राज्य सरकार के विभागों में खाली पड़े हैं जिन्हे भरा नहीं जा रहा तथा पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल नहीं किया जा रहा।बेरोज़गार युवाओं को कच्चे रोजगार की गहरी खाई में धकेला जा रहा है। कौशल रोजगार निगम जैसे विभाग केवल कच्ची भर्ती के लिए खोल दिए गए हैं। यहां तक कि सेना की भर्ती में भी अग्निवीर योजना लाकर हमारी युवा पीढ़ी को दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर किया गया है। हमारे शिक्षित नौजवान अब जमीनों को बेच कर विदेशों में पलायन कर रहे हैं । भयंकर बेरोजगारी की मार झेल रहे निराश बेरोजगार नशाखोरी की चपेट में आ रहे हैं और उनकी जिंदगी बर्बाद हो रही है। इस प्रकार से देश और प्रदेश को बर्बादी के गर्त में धकेलने के लिए भाजपा की दिवालिया नीतियां जिम्मेदार हैं। जिसकी बदौलत अमीर गरीब की गैर बराबरी की खाई रोजाना चौड़ी हो रही है। किसान-खेत मजदूरों को कर्ज मुक्त करने की बजाय मोदी सरकार ने देश की धन दौलत को लूटने वाले पूंजीपतियों द्वारा लिए गए 25 लाख करोड़ रुपए माफ करने का शर्मनाक काम किया है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के राज्य प्रधान देवीराम सीआईटीयू की नेता रामरति चौहान व संतोष ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी यूनियनों द्वारा किए गए लंबे आंदोलन के बाद मानी गई मांगों को भी लागू नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की तरह सभी आंदोलनों को एक ही तरह से डील करके पुलिसिया दमन से कुचलने का प्रयास करती है।स्कीम वर्करों व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपने अधिकारों व मांगों की लड़ाई को निर्णायक स्तर तक पहुंचाकर सरकार को मांगे मानने पर मजबूर किया।

इन सारे सवालों पर इससे पहले भी सभी राज्यों की राजधानियों में संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों की ओर से 26 से 28 नवंबर को 72 घण्टे का पड़ाव डाल कर रोजी रोटी सहित बुनियादी अधिकार और परस्पर सद्भाव पर किये जा रहे आक्रमण के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की गई थी।26 जनवरी को पूरे देश में किसान मजदूरो ने ट्रैक्टर व वाहन परेड निकालकर अपने विरोध को जाहिर कर दिया था। परंतु मोदी खट्टर की सरकारें अब एक बड़ा राजनीतिक खेल-खेल रही हैं। आजीविका को बर्बाद करने वाली नीतियों के खिलाफ किसान मजदूर में जो गुस्सा है उससे ध्यान भटकाने के लिए मंदिर निर्माण जैसे मुद्दों को राजनीतिक रूप से भुनाकर भाजपा चुनाव जीतना चाहती है। मेहनतकश लोगों को धर्म व जात-पात पर भी बांटने का षडयंत्र रचा जा रहा है। यही नहीं बल्कि बोलने और हकों के लिए आवाज उठाने पर दमन व उत्पीड़न करके देश में तानाशाही थोपी जा रही है। इस हालात में हमें पूरे खेल को समझ कर भाजपा सरकार के मंसूबों को विफल करना होगा। प्रदर्शन कारी मजदूरों, कर्मचारियों, किसानों को सीटू जिला प्रधान उर्मिला रावत, किसान मोर्चा के नेता सोहनपाल चौहान, नरेन्द्र सहरावत, बीधूसिंह, ताराचंद,सरोज,जगबती डागर, कृष्णा, सोनबती, रूपराम तेवतिया, दरियाब,छिदी सरपंच, राज पाल नंबरदार घोड़ी,दुली चन्द रामदास, बीर सिंह दलाल, मेवा राम, हरी सिंह चौहान औरंगाबाद, अजीत रहीमपुर, सतीश कमरावली, चन्द्र मुनि आर्य हुकम सिंह चौहान,राजू शर्मा, नन्द किशोर शर्मा ने सम्बोधित किया।

# पीएम मोदी ने हरियाणा प्रदेश को रेवाड़ी में दी एम्स की बडी सौगात : विधायक प्रवीण डागर

## सीएम खट्टर करा रहे प्रदेश का चंहुमुखी विकास

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा प्रदेश को रेवाड़ी में एम्स के रूप में बहुत बड़ी सौगात दी है हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी पूरे प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य कराये हैं यह वक्तव्य शुक्रवार को हथीन के लघु सचिवालय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवाड़ी एम्स के सीधे प्रसारण समारोह के उपरांत हथीन के विधायक प्रवीण डागर ने कहे।



विधायक प्रवीण डागर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में विकास कार्य करवाए हैं स्वास्थ्य सेवा में मुख्यमंत्री ने पलवल जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए कहा है उन्होंने बताया कि गांव पेलक में 600 करोड रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज जल्द ही बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य बिना भेदभाव से गए जा रहे हैं हरियाणा के मुख्यमंत्री ने विकास का जो संकल्प लिया था उसी संकल्प के तहत विकास कार्य करवाए जा रहे हैं पलवल जिले में हाईवे रोड का जाल फैल चुका है उन्होंने कहा कि पूरे हथीन विधानसभा क्षेत्र में बिजली शिक्षा स्वास्थ्य अन्य सहकारी योजनाओं पर कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं विधायक ने बताया कि अकेले हथीन विधानसभा क्षेत्र में एक दर्जन स्कूल से ज्यादा स्कूलों को अपग्रेड कराया गया है जबकि 28 नई सड़क बन चुकी हैं तथा पुरानी जो जल्दी सड़के हैं उनका चौड़ीकरण करवाया जा रहा है । इस अवसर पर विधायक प्रवीण डागर व एसडीएम संदीप अग्रवाल ने वृद्धावस्था सम्मान पेंशन के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर, सुमित चेयरमैन, सूरज पांडे, मोतीराम, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सहरावत ,योगेंद्र सहरावत, रश्मि सहरावत, मंडल अध्यक्ष बलवीर, नवनीत, शिवकुमार, जय सिंह चौहान, अशोक वार्ड पार्षद सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण वह गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# होडल-नूंह सड़क मार्ग पर किसानों ने लगाया जाम

## पुलिस ने मौके पर पहुंच गई जाम को खुलवाकर यातायात को सुचारू रूप से कराया शुरू

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** किसान संगठनों के भारत बंद के आह्वान के बाद नूंह-होडल सड़क मार्ग पर गांव सौन्दहद व अंधोप चौराहे पर किसानों सड़क में बीचों बीच बैठकर मार्ग सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। जिसके चलते दोनों तरफ कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारे गई।जाम की सूचना मिलते बहीन व मुंडकटी थाना प्रभारी भारी पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंच गए और किसानों को समझा बुझाकर जाम आधे घंटे बाद खुलवा दिया।दरसल ,किसान संगठनों ने शुक्रवार को भारत बंद का आह्वान किया है।किसानों ने सरकार के सामने एमएसपी की गारंटी के साथ 11 अन्य मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए किसान संगठनों ने 16 फरवरी को सुबद छह बजे से शाम के चार बजे तक भारत बंद का ऐलान था। किसानों के भारत बंद समर्थन में गांव सौन्दहद के किसानों ने होडल -नूंह सड़क मार्ग



के बीच मे बैठ गए और जाम लगा दिया ।सड़क मार्ग पर जाम की सूचना मिलते ही बहीन थाना प्रभारी रेणु व मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह भारी पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने किसानों को समझने का प्रयास किया। किसानों ने होडल में शहर सरकार के संरक्षण में चल रहे ओयो होटलों को बंद करवाने मुद्दे के साथ सरकार से किसानों की 11 सूत्रीय रखी । किसानों के आधे घंटे तक सड़क मार्ग अवरुद्ध होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने किसानों को समझ कर यातायात सुचारू करवाया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिला रेवाड़ी में एम्स के रूप में दी बहुत बड़ी सौगात : जगदीश नायर

## प्रधानमंत्री द्वारा परियोजनाओं की रखी गई आधारशिला का मंडी में किया लाईव प्रसारण

## इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों की भीड़ उमड़ी और सभी ने प्रधान मंत्री का लाइव कार्यक्रम देखा

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** होडल की अनाज मंडी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा प्रदेश को रेवाड़ी में एम्स के रूप में बहुत बड़ी सौगात दी है हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल



ने भी पूरे प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य कराये हैं यह शब्द होडल के विधायक जगदीश नायर ने मंडी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवाड़ी एम्स के सीधे प्रसारण समारोह के उपरांत कहे। नायर ने इस दौरान होडल क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को भी लोगों को बताया और नायर ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान पर भी जमकर हल्ला बोला। इस दौरान क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं,विभिन्न गावों के पंच,सरपंच,नगर परिषद के अलावा महिला पुरुषों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिला रेवाड़ी के गांव भालखी माजरा में एम्स सहित अनेक परियोजनाओं की रखी गई आधारशिला का जिसका लाईव प्रसारण होडल की अनाज मंडी में दिखाया गया। अनाज मंडी में आयोजित विकसित भारत-विकसित हरियाणा समारोह में भाजपा विधायक एवं हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन जगदीश नायर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे। नायर के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष चरणसिंह तेवतिया, एसडीएम द्विजा, तहसीलदार संजीव नागर, नगर, राहुल नायर, पार्षद पुनीत गौतम, प्रेमराज तंवर,मोनू कालडा, सरपंच शशीबाला, गांव सौंध के सरपंच तुहीराम शर्मा, चंदनसिंह, कुमरसिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक जगदीश नायर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा प्रदेश को रेवाड़ी में एम्स के रूप में बहुत बड़ी सौगात दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूरे प्रदेश में एक समान और बगैर भेदभाव के चौमुखी विकास कार्य कराये हैं। रेवाडी जिले में एम्स जैसी परियोजना का शिलान्यास करने पर नायर ने कहा कि हमारा और क्षेत्र की जनता का भी दायित्व बनता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की विकास दर और विकास के क्षेत्र में ऊंचाईयों पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में होडल विधानसभा क्षेत्र में भी सैंकडों करोड रुपए के विकास कार्य कराए जा चुके हैं और कुछ का निर्माण कार्य जारी है। क्षेत्र में करोडों रुपए की लागत से बनी चमचमाती सडकों का जाल बिछाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जवल योजना के तहत 10 करोड 35 लाख लोगों को लाभ देने का काम किया,गरीव आवास योजना लाकर लगभग 9 करोड लोगों को लाभ दिया। जनजीवन मिशन,धारा 370 को हटाकर 35 ऐ को खत्क करने का काम किय, किसान सम्मान निधि से करोडों लोगों को लाभ,अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाकर देश का गौरव ऊंचा किया। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री मोदी ने भव्य राम मंदिर बनाकर सनातन संस्कृति को बचाकर ऐसा काम कर दिया है कि हमारी आने वाली पीडी उन्हें याद करेंगी। मोदी पिछले पांच साल में दुनिया के सबसे बडे और प्रसिद्ध नेता के रूप में उभरकर आए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही क्षेत्र की जनता को 14 करोड रुपए की लागत से बनाए जाने वाले बस स्टैंड और अग्रसैन पार्क की सौगात दी जाएगी। इस अवसर पर विधायक जगदीश नायर व एसडीएम द्विजा ने वृद्धावस्था और दिव्यांग सम्मान पेंशन के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए। इस अवसर पर पहुंचे अतिथियों ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

# क्राइम ब्रांच ने एक युवक को देशी कट्टा सहित किया अरेस्ट

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** क्राइम ब्रांच हथीन की टीम ने मरोखडा गांव के पास छापेमारी कर एक युवक को कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ हथीन थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए क्राइम ब्रांच हथीन के इंचार्ज दीपक गुलिया ने बताया कि स्टाफ में तैनात हैडकांस्टेबल कर्मवीर को विश्वनीय सूचना मिली कि ममोलाका निवासी सूबेदार के पास अवैध हथियार है। वह अवैध हथियार लेकर बाईपास मरोखडा के निकट से गुजर रहा है। इस सूचना पर स्टाफ की टीम ने मौके पर छापा मारा। धार्मिक स्थल के निकट से एक युवक जाता दिखाई पड़ा। युवक को काबू करके उसका नाम पता पूछा तो उसकी पहचान सूबेदार निवासी ममोलाका बताया । उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक कट्टा मिला। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हथीन थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# अज्ञात चोरों ने चुराई दो भैंस व एक जोहटी, घटना सीसीटीवी में हुई कैद

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** समीपवर्ती गांव मनकाकी से अज्ञात चोर दो भैंस और एक जोहटी को चुराकर ले गए। जिससे पशुपालक किसान को लगभग ढ़ाई लाख रुपए का नुक़सान हुआ है। इस संदर्भ में पीड़ित पशुपालक किसान इसलाम निवासी मनकाकी ने हथीन थाना में लिखित रूप में शिकायत कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़ित पशुपालक ने कहा है कि मेरे घर के अंदर दो भैंस व एक जोहटी बंधी हुई थीं। 28 जनवरी की रात करीब एक बजे अज्ञात चोर एक पिकअप गाड़ी में आए और दोनों भैंस व जोहटी को चुराकर ले गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी कैमरा बूराका , धीरनकी , लखनाका व मलाई गांव में उक्त पिकअप गाड़ी दिखाई दी है। अब तक वह अपने स्तर पर खोजबीन करता रहा लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जाट समाज के लोगों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ शहर में दर्जनों स्थानों पर लगाए पोस्टर

## लोकसभा चुनाव में उदयभान के बयान का खामियाजा भुगतेगी कांग्रेस पार्टी, जाट समाज

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के खिलाफ जाट समाज के लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है । समाज के लोगों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ज्ञापन सौंपने के बाद दूसरी बार शहर में दर्जनों स्थानों पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ माफी मांगने को लेकर पोस्टर चिपकाए गए हैं।वंही जाट समाज के लोगों का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष के बयान का खामियाजा कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। दरसल 25 दिसंबर को जींद में कार्यक्रम के दौरान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान द्वारा उपराष्ट्रपति




जगदीप धनखड़ पर दिए गए बयान झुका हुआ जाट व टूटी खाट किसी काम के नही रहते वाले बयान को लेकर जाट समाज के लोगों ने पोस्टर लगाकर उदयभान से माफी मांगने को कहा था लेकिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने माफी नहीं मांगी तो समाज के लोगों ने 8 फरवरी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के खिलाफ सरकार से मांग की थी वंही 11 फरवरी को हुई जन आक्रोश रैली के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने समाज के लोगों से माफी नहीं मांगी जिसको लेकर दूसरी बार लोगों शहर के प्रमुख चौराहे व स्थानों पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के खिलाफ पोस्टर लगाकर माफी मांगने की मांग की है।वंही जाट समाज के जसवंत सिंह ने कहा कि यदि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने समाज से माफी नहीं मांगी तो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को नुकसान उठाना पड़ेगा।

# होडल में बाइक सवार की मौत कार की टक्कर से हुआ हादसा

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** होडल में नेशनल हाईवे-19 पर खटैला गांव के निकट कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकी दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार की देर रात नेशनल हाईवे-19 पर खटैला गांव के निकट कार ने बाइक सवार लोहागढ़ गांव निवासी 29 वर्षीय भगवान दास व उसके ममेरे भाई सतीश को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार को लेकर मौके से फरार हो गया।

राहगीरों ने दोनों घायलों को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने भगवानदास को मृत घोषित कर दिया, जबकि सतीश की हालत नाजुक देखते हुए हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घायल की हालत नाजुक बताई गई है। पुलिस ने मृतक भगवान दास के परिजनों की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किसान-मजदूर व कर्मचारी ताऊ देवीलाल पार्क में हुए एकत्रित




**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुलाए गए ग्रामीण भारत बंद का असर जिले में दिखाई दिया। किसान-मजदूर व कर्मचारी देवीलाल पार्क में एकत्रित हुए तो पुलिस सडक़ों पर दिखाई दी। किसान व कर्मचारी ताऊ देवीलाल पार्क से जुलूस निकालते हुए शहर के मुख्य बाजार से होते हुए बस स्टेंड पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन किसान नेता उदय सिंह व कर्मचारी नेता उर्मिला रावत की अध्यक्षता में निकाला गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व संयुक्त किसान मोर्चा के नेता मास्टर महेंद्र सिंह चौहान ने किया, जबकि संचालन कर्मचारी नेता धर्मचंद ने किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता बीजू कृष्णन व मास्टर महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि की संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर ग्रामीण भारत बंद बुलाया गया है। इसके तहत देश के किसान-मजदूरों से अपील की गई है कि आज अपने काम को पूरी तरह बंद रखें। उसी के मद्देनजर शुक्रवार को जिले में भी ग्रामीण भारत बंद है न तो किसान अपने खेतों पर जा रहे हैं न ही कर्मचारी और मजदूर अपने कामों पर।

उन्होंने कहा कि सरकार ने उनकी मांगें पूरी नहीं कि तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसान नेताओं ने बताया की इस बंद को बुलाने के पीछे किसानों और मजदूरों की कई मांगें हैं। इनमें सबसे अहम मांग एमएसपी की है, इसके अलावा बिजली बिल को भी कम करने की मांग कर रहे हैं। किसान मनरेगा को मजबूत करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और औपचारिक व अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों में सभी श्रमिकों के लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग कर रहे हैं।

किसान व कर्मचारी नेताओं कहा कि सरकार ने हमारे साथ वादाखिलाफी की है। जो किसान आंदोलन पार्ट वन में हमारी सरकार के साथ एमएसपी लागु करने और कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी थी अभी तक उसे लागु नहीं किया गया। किसानों का कहना था कि सरकार से 9 दिसंबर 2021 को एमएसपी को लेकर कमेटी गठित करने, किसानों के कर्ज माफ, किसान पर दर्ज हुए मुकदमे वापिस लेने, पराली के कानून से किसानों को बाहर किए जाने व लखीमपुर के दोषियों को सजा दिलाने व आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों को मुआवजा देने जैसी दर्जनों मांगें थी, लेकिन सरकार ने दो वर्ष बीत जाने के बावजूद एक भी मांग को पूरा नहीं किया। प्रदर्शन में किसान नेताओं के साथ भारी संख्या में महिला व पुरुष कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया।

प्रदर्शन को संबोधित करने वालों में कर्मचारी नेता जितेंद्र तेवतिया, सफाई कर्मचारियों के राज्य प्रधान देवीराम, रामरति चौहान, संतोष, सोहनपाल चौहान, नरेंद्र सहरावत, बीधू सिंह, ताराचंद, सरोज, जगबती डागर, कृष्णा, रूपराम तेवतिया, दरियाब, छिदी, राजपाल नंबरदार, दुलीचंद व बीर सिंह दलाल सहित काफी संख्या में नेता शामिल थे।

# एसपीएस इंटरनेशनल के छात्रों ने पास की जी मैंस की परीक्षा







**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** हाल ही में एनटीए द्वारा घोषित जेई मेंस के परिणाम में एसपीएस इंटरनेशनल पलवल के स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के कुल 7 स्टूडेंट्स ने 90 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया है। विद्यालय के छात्र दिनेश ने 97.89, पार्थ कौशिक 95.67, भूमिका जैन 94.8, शुभम मीणा 92.78,प्रीति 92.47 तथा टीना ने 91.35 परसेंटाइल प्राप्त किया है। वही आरती ने रिजर्व कैटेगरी में इस परीक्षा को क्वालीफाई किया। विद्यालय के संस्थापक सुरेश भारद्वाज ने बताया कि विद्यालय प्रति वर्ष छ्श्वश्व, ह्श्वश्वञ्ज, ष्ट, ष्टस्, ष्ठ्रुञ्ज जैसे कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स में शानदार प्रदर्शन करता आया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में एसपीएस लक्ष्य के नाम से लगातार चलने वाली विशेष कक्षाओं तथा अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम से ही इस प्रकार के परिणाम संभव होते हैं। विद्यालय की अकैडमिक डायरेक्टर संतुष्टि थापर ने बताया कि विद्यालय में इस वर्ष से एसपीएस लक्ष्य की कक्षाएं अब तीसरी से 12वीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स के लिए सुचारू रूप से कार्यरत रहेंगी जिनका एकमात्र उद्देश्य विद्यार्थियों के अकादमिक प्रदर्शन के साथ-साथ उनको विभिन्न प्रकार की प्रवेश परीक्षाओं तथा अन्य परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से तैयार करना भी है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता छाबड़ी ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें तथा उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी तथा उनके सफल भविष्य की कामना भी की।

# विकसित भारत-विकसित हरियाणा कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभपात्र को दिए गए



**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जिला रेवाड़ी के गांव भालखी माजरा में आयोजित कार्यक्रम में एम्स सहित अनेक परियोजनाओं की आधारशिला रखने के कार्यक्रम का पलवल, होडल व हथीन विधानसभा क्षेत्र में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम को विकसित भारत-विकसित हरियाणा नाम दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभपात्र को दिए गए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पलवल विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में, हथीन विधानसभा का कार्यक्रम लघु सचिवालय, हथीन में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार से होडल का कार्यक्रम पुरानी अनाजमंडी अग्रसेन चौक होडल में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया गया। होडल की अनाज मंडी में विधायक जगदीश नायर और हथीन स्थित लघु सचिवालय में विधायक प्रवीण डागर बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं करीब 140 लाभपात्रों को मौके पर ही स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती आरती रावत , ने अपने संबोधन में कहा विकसित भारत विकसित हरियाणा कार्यक्रम के तहत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समस्त हरियाणा प्रदेश के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है जिससे प्रदेश की उन्नति में अवश्य ही बढ़ावा मिलेगा उन्होंने कहा देश में प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एम्स जैसे बड़े अस्पताल की सौगात प्रदेश को दी है। उन्होंने कहा कि आज हमारे प्रदेश वासियों के लिए बड़े हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत विकसित हरियाणा कार्यक्रम के तहत हरियाणा के जिला रेवाड़ी में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्स अस्पताल का शिलान्यास कर व हरियाणा के अन्य जगह पर परियोजनाओं का उद्घाटन का शिलान्यास किया है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा समृद्धि और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण क़दम उठाया गया। जो राष्ट्र के उच्चतम शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्रों को मज़बूती देगा यह क़दम हमें नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर करेगा और राष्ट्र को व्यावसायिक अग्रणी रखने में सहायक होगा। इसके माध्यम से हम विज्ञान तकनीकी और अनुसंधान के क्षेत्र में नई दीर्घकालीन परियोजनाओं की ओर बढ़ सकते हैं जो हमें आत्मनिर्भर बनाए रखने में मदद करेगा। कार्यक्रम में सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, पलवल पंचायत समिति के अध्यक्ष भगत सिंह घुघेरा, हरेंद्र पाल राणा, मुकेश सिंगला, हरेंद्र तेवतिया, पूर्व जिला परिषद की अध्यक्ष असावती, शीतल दास, वीरपाल, दीक्षित ,पवन अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संत समागम ही इस युग में धर्म की नाव : सुनील सागर



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** परमपूज्य मुनि कुंजर ज्येष्ठाचार्य आदिसागर परम्परा के चतुर्थ पट्टाधीश राष्ट्र गौरव आचार्य सुनील सागर अपने संघ 35 साधुओं के संग शहर में मंगल प्रवेश किया। श्रद्धालुओं ने आचार्य सुनील सागर का सेक्टर दो हुड्डा चौक पर पहुंचने पर बैंड बाजों से स्वागत किया। जिसमें जैन समाज का उत्साह देखते ही बन रहा था। आचार्य सुनील सागर ने जैन मंदिर में अपने प्रवचन में कहा कि कभी किसी का बुरा मत करो। यदि तुम किसी का भला करोगे तो उसका तुम्हें कई गुना अच्छा फल प्राप्त होगा। हमेशा देव शास्त्र गुरु की आराधना करो। अपने माता-पिता की सेवा करो, तभी तुम्हारा मनुष्य जन्म सार्थक है। आचार्य ने प्रवचन करते हुए कहा कि वर्तमान में संत समागम ही इस युग में धर्म की नाव है। पलवल शहर का बड़ा सौभाग्य है कि इतना बड़ा संघ यहां पहली बार आया है। आचार्य तपस्वी सम्राट महाराज सन्मति सागर के पदचिह्नों पर चलते इस संघ का समागम पुण्य की ही दस्तक है। उन्होंने कहा कि क्रांतिधरा का सौभाग्य है, जो धर्म की क्रांति का अग्रदूत के रूप में आचार्य का सानिध्य मिला है। इस अवसर पर रथयात्रा का भव्य आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि जीवन का कल्याण दान और पुण्य में ही छिपा है। यहां हमें मिलकर गुरूतीर्थ को संवारना और सजाना है। जब भगवान जिनेन्द्र रथयात्रा में भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलते हैं, तब जहां तक उनकी दृष्टि जाती है वहां तक मानव का कल्याण हो जाता है, लोगों के पाप धुल जाते हैं। जैन समाज के श्री 108 सन्मति सागर का 86वां अवतरण दिवस मंदिर के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राकेश कुमार, चंदर सैन, अंकुर, राहुल, आकाश, मा. किशनचंद, सुरेंद्र कुमार, अन्नू, शीतल, मनीष, देवेंद्र अधाना, रजनी, इंदु सहित जैन समाज के श्रद्धालु मौजूद रहे।

## घर में मिली युवती की लाश

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** बहीन थाना क्षेत्र के गांव में स्थित घर में 20 वर्षीया युवती की लाश लटकी हुई मिली है। युवती की लाश मिलने की सूचना मिलने पर बहीन थाना पुलिस पहुंची। पुलिस घटना की जांच कर रही है। समाचार भेजे जाने तक पुलिस ने लाश को नही उतारा है।मौके पर क्राइम ऑफ सीन के स्टाफ को बुलाई गया है। सूत्रों के मुताबिक युवती ने किन्ही कारणों से आत्महत्या की है। आत्महत्या के कारणों का पता नही चल पाया है।

## राजस्थान पुलिस का पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार




**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** राजस्थान पुलिस का पांच हजार का इनामी व उटवाड़ पुलिस पर हमला कर अपने आरोपी पिता को छूड़ाकर ले जाने के आरोपी को क्राइम ब्रांच हथीन की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ जिले में ही नहीं अपितु राजस्थान, पटौदी व पठानकोट थानों में भी मुकदमें दर्ज है, जिनमें आरोपी की तलाश थी। क्राइम ब्रांच हथीन के प्रभारी दीपक गुलिया ने बताया कि एएसआई वीरेंद्र अपनी टीम के साथ गशत पर था। उन्हें सूचना मिली कि रूपडाका निवासी तालीम पुत्र जुबेर उर्फ भूत जिसपर राजस्थान में पांच हजार का इनाम है व उटावड़ थाना पुलिस टीम पर हमला करने सहित अनेक थानों में इसके खिलाफ मकुदमें दर्ज है, वह रूपडाका गांव में शहीदी मीनार के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जब उसका अपराधिक रिकॉर्ड खंगाला गया तो पता चला कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में पांच मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें राजस्थान के भिवाडी थाना में दर्ज मुकदमें में उसकी गिरफ्तार पर पांच हजार का इनाम घोषित किया हुआ है। इसके अलावा बिलासपुर थाना में दर्ज एक मुकदमें भगोडा घोषित किया हुआ है। आरोपी के खिलाफ इसके अलावा उटावड़ थाना, पठानकोट व पटौदी में भी मुकदमें दर्ज है। क्राइम ब्रांच प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी ने 24 दिसंबर 2022 को अपने साथियों के साथ मिलकर उटावड़ थाना पुलिस की टीम पर हमला कर पुलिस पकड़ से एक आरोपी जो कि उसका पिता है को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाकर भाग गया था। उसका पिता अभी भी पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## पुलिस ने ऑनलाईन ठगी करने के मामले में 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** निरीक्षक सन्दीप मोर प्रभारी अपराध जांच शाखा पुन्हाना ने जानकारी देते हुए बताया कि सहायक उप-निरीक्षक गोपाल अपनी टीम के साथ गस्त में अड़बर चौक पर मौजूद था। उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आजाद पुत्र शेर मौहम्मद निवासी बासदल्ला थाना पुन्हाना अपनी असल पहचान छुपाकर फर्जी फेसबुक आईडी व फर्जी वाट्सअप अकाउंटों को फर्जी मोबाईल नंबरों से बनाकर आम जनता को पुराने धातु सिक्के व पूराने कागज नोट को महंगे दामों में खरीदने का झांसा देकर फर्जी वाट्सअप अकाउंट द्वारा संपर्क कर चैटिंग करके आमजन से फाईल चार्ज, लेट पैनलटी आदि के नाम पर एडवांस रुपये फर्जी बैंक अकाउंटों, फोन पे में डलवाकर आमजन के साथ धोखाधडी करके ऑनलाईन ठगी करता है। जिस सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर उपरोक्त शख्स को काबू किया। नाम पता पूछने पर शख्स ने अपना नाम आजाद उपरोक्त बतलाया। तलाशी लेने पर उपरोक्त शख्स के कब्जे से 2 मोबाईल फोन व 3 सिम बरामद हुई। पूछताछ व आरोपी के फोन की जांच करने पर फोन में पूराने सिक्कों की फोटों, पुराने धातु के सिक्कों, पुराने कागज के नोटों, आमजन के आधार कार्ड, ऑनलाईन ट्रांजेक्सन के सक्रीन शॉट, डिलीवरी से संबनधित विडियों व फोटो, ऑफिस के फोटो, फर्जी अकाउंट डिटेल के फोटो, रिसाईकिल बिन में पुराने धातु से सिक्कों के कई फोटो व फर्जी मैसिज वगैरा पाये गए। सभी मोबाईल फोन व सिमों को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लिया गया। जिस सबंध में थाना साईबर अपराध नूंह में सबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर करके उपरोक्त आरोपी को मुकदमा में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। मुकदमा के सबंध में आरोपी से पूछताछ जारी हैं। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## परिवार शादी में गया तो चोरों ने खंगाल दिया मकान

**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** परिवार घर का ताला लगाकर शादी समारोह में शामिल होने गया तो चोरों ने घर के ताले तोडक़र 50 हजार नगद व लाखों रुपए के जेबरातों को चोरी कर लिया। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। शहर थाना के पुलिस जांच अधिकारी राकेश कुमार के अनुसार, पंचवटी कॉलोनी निवासी मनोज कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने परिवार के साथ मकान का ताला लगाकर अपने चाचा के लडक़ेकी शादी में शामिल होने के लिए अपने पैतृक गांव नागल जाट गया हुआ था। पीड़ित 15 फरवरी की रात को समय करीब सवा दो बजे जब अपने घर पंचवटी कॉलोनी पहुंचा तो मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। उसने गेट के अंदर जाकर देखा तो अंदर मकान में सामान फैला हुआ पड़ा था। मकान के अंदर रखी लोहे की अलमारी टूटी हुई थी। जिसमें से चोर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेबरात को, 500-500 रुपए के नोटों की एक गड्डी (50 हजार रुपए) व छह-साथ डिब्बे बिजली फिटिंग के तारों को चोरी करके ले गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक शहर थाना पुलिस व सीआईए की टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 80 हजार के मादक पदार्थ सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल होडल की टीम ने दो नशा तस्करों को 80 हजार रुपए कीमत के एक किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। सेल की टीम ने आरोपियों के खिलाफ होडल थाने में मुकदमा दर्ज कराकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी मिल सकती है। एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 16 फरवरी को उनकी टीम में तैनात एएसआई राजवीर सिंह के नेतृत्व में टीम नशा गतिविधियों पर रोकथाम हेतु गढ़ी मोड होडल पर मौजुद थी। उसी समय मुखबर ने सुचना दी की होडल निवासी विक्की व नरेंद्र नामक युवक नशीला पदार्थ सुल्फा बेचने वा सप्लाई करने का काम करते है। जो अभी रामलीला मैदान होडल के नजदीक देशल मोहल्ला में सुल्फा बेच रहें है। टीम ने सूचना के आधार पर दबीश देकर दोनों को काबु कर लिया। मौके पर पहुंचे डीएसपी नरेश कुमार के सामने दोनों की तलाशी ली तो उनके पास से प्लास्टिक की पन्नी में एक किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ है। जिसकी बाजार में करीब 80 हजार रुपए कीमत है। टीम ने बरामद नशीला पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत होडल थाना में मकुदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पूछताछ के रिमांड की मांग की, जिस पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

# उधार दिए पैसे मांगे तो मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** उधार दिए पैसे वापस मांगे को दबंगों ने युवक को अवैध हथियार से फॉयर कर लाठी, डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल के भाई की शिकायत पर आठ नामजद सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन खबर लिखे जाने तक सभी आरोपी फरार थे। कैंप थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार, काशीपुर (धौलागढ़) पलवल निवासी प्रवीण ने दी शिकायत में कहा है कि उसका छोटा भाई राहुल पलम्बर का कार्य करता है। उसके भाई का गांव के ही सतवीर से मेलभाव था, जिसके चलते सतवीर ने उसके भाई राहुल से 50 हजार रुपए उधार लिए हुए थे।

पीड़ित का कहना है कि उनकी बहन की गोद रस्म 18 फरवरी को तय हुई तो राहुल ने अपने पैसे सतवीर से वापस मांगे। राहुल के बार-बार तकाजा करने पर सतवीर ने सौरभ नामक युवक से कहकर अपने घर बुलवाया। लेकिन जब उसका भाई सौरव के साथ जा रहा था तभी रास्ते में चौपाला के पास पहुंचा तो शिव दयाल व उसके बेटे सतवीर, सौरव, गौरव व पत्नी सुनीता उर्फ धोरी एवं अभिशेख व पवन घेर लिया। आरोप है कि आरोपियों के हाथों में अवैध हथियार, लाठी, डंडा व तेजधार हथियार थे और उसके भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसका भाई गंभीर रुप से घायल हो गया तो आरोपी उसे अपने घर के अंदर खींच कर ले गए। झगड़े का शोर होने पर आस-पड़ोस के लोग व वह (प्रवीण) भी मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान सतवीर ने अपने हाथ में लिए अवैध हथियार देशी कट्टा से सीधी फॉयर कर दी। पीड़ित ने ईटों के पास छुपकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। आरोप है कि आरोपी दबंग है, उन्होंने पहले भी उसके पिता के साथ मारपीट पैर तोड़ दिए थे, लेकिन समाज में उसका राजीनामा हो गया था।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच में खबर लिखे जाने तक मोबाइल फोन लूटने व देशी कट्टा से फॉयर करने के संबंध में कोई सबूत नहीं प्राप्त हुए है, जांच जारी है।

सिटी 24 न्यूज TITLE CODE HARHIN11569
सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# सड़कें और इंटरनेट बंद करके जनता को परेशान कर रही है सरकार : विजय प्रताप

सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** किसानों को बदनाम करने के लिए सरकार जानबूझकर सडक़ें जाम कर रही है। सडक़ें और इंटरनेट बंद करके बीजेपी-जेजेपी साजिश के तहत जनता को परेशान कर रही है ताकि किसानों के खिलाफ नकारात्मक प्रचार किया जा सके। ये कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय प्रताप का। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज है। बीजेपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के तहत (सी-2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफा) एमएसपी देने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन सत्ता में आने के बाद वो अपने वादे से पलट गई। आज किसान इसी वादे को याद दिलाने के लिए आंदोलनरत हैं। लेकिन उनको रोकने के लिए सरकार पूरी तरह असंवैधानिक और गैर-कानूनी तरीके अपना रही है। बाकायदा हाई कोर्ट ने भी इसके लिए सरकार को फटकार लगाई है। क्योंकि बीजेपी-जेजेपी सरकार को इस तरह सडक़ें रोकने, उनपर कीलें बिछाने, पत्थर डलवाने और कंक्रीट की दीवार खड़ी करने का कोई अधिकार नहीं है। सरकार बताएं कि किस कानून के तहत उसने सडक़ों और इंटरनेट को बंद किया है? विजय प्रताप ने बताया कि कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश का पूरी तरह समर्थन करती है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े



और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सी2 फार्मूले पर एमएसपी देने का ऐलान किया है। जब यूपीए सरकार के दौरान यह रिपोर्ट आई थी तो स्वामीनाथन की 201 सिफारिशों में से 175 को कांग्रेस ने लागू करने का काम किया था। इन सिफारिशों के तहत यूपीए सरकार ने किसानों के 72,000 करोड़ रुपए के लोन माफ किए थे। हरियाणा में लगभग 2200 करोड रुपए के कर्ज माफ हुए थे और 1600 करोड़ रुपए के बिजली बिल माफ किए गए थे। पूरे देश में फसली लोन पर ब्याज दर को 11त्न से घटकर 4 प्रतिशत कर दिया गया था और हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने फसली लोन को जीरो कर दिया था। इतना ही नहीं स्वामीनाथन की सिफारिश के मुताबिक ही खेती को पूरी तरह टैक्स मुक्त रखा गया था। कांग्रेस ने कभी भी खाद, बीज, दवाई, ट्रैक्टर, सिंचाई समेत खेती के तमाम उपकरणों पर टैक्स नहीं लगाया। इतना ही नहीं अलग-अलग योजनाओं के तहत खेती संसाधनों पर 100त्न तक की छूट दी जाती थी। विजय प्रताप ने याद दिलाया कि 2005 में कांग्रेस सरकार बनने से पहले हरियाणा में इनेलो-बीजेपी सरकार के दौरान लोन नहीं चुकाने पर किसानों की जमीन कुर्क कर दी जाती थी और किसानों को पकड़ कर जेल में डाल दिया जाता था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसपर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया और किसी भी किसान की जमीन कुर्क नहीं होने दी। किसानों को संरक्षण देने के लिए अधिग्रहण का मजबूत कानून बनाया गया। इसमें प्रावधान किया गया कि किसान की मर्जी के खिलाफ कोई उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं कर सकेगा। लेकिन बीजेपी सरकार ने उस कानून को कमजोर कर दिया। इसीलिए किसान फिर से 2013 वाला कानून लागू करने की मांग को लेकर भी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान नाममात्र खर्चे पर किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन दे दिए जाते थे। लेकिन आज लाखों रुपए देने के बाद भी किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन नहीं मिल पाते। हुड्डा सरकार के दौरान सिंचाई के लिए हांसी-बुटाणा नहर, वाटर रीचार्ज के लिए दादुपुर-नळवी नहर, सिरसा में ओटू झील बनाई गई थी। फव्वारा सिंचाई उपकरणों पर 100 परसेंट तक सबसिडी दी गई थी। इतना ही नहीं, सी2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफे के फार्मूले पर एमएसपी देने के लिए भी कांग्रेस सरकार ने फसलों के रेट में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी की। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो 1999 से 2004 तक देश में भाजपा गठबंधन सरकार थी। लेकिन उस सरकार के दौरान धान के रेट में सिर्फ 14 प्रतिशत यानी सालाना बस 2.3त्न की बढ़ोत्तरी हुई। लेकिन कांग्रेस सरकार के दौरान धान की एमएसपी में कुल 143त्न यानी सालाना 14.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। लेकिन मोदी सरकार के दौरान धान के रेट में सिर्फ 54.1 प्रतिशत यानी सालाना सिर्फ 6त्न बढ़ोत्तरी हुई। इसी तरह 1999 से 2004 तक गेहूं के एमएसपी में भाजपा गठबंधन सरकार ने कुल 10.3 प्रतिशत यानी सालाना 1.7त्न बढ़ोत्तरी ही की। लेकिन कांग्रेस ने उससे 12 गुणा ज्यादा 126 प्रतिशत यानी सालाना 12.7 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की। लेकिन मोदी सरकार के दौरान 126त्न के मुकाबले गेंहू की एमएसपी में सिर्फ 39.3त्न ही बढ़ोत्तरी हुई। उन्होंने कहा कि सिर्फ धान और गेहूं ही नहीं, मनमोहन सरकार ने लगभग हरेक फसल के रेट में ढाई से तीन गुणा (150-200 प्रतिशत) की बढ़ोत्तरी की। लेकिन मोदी सरकार में बमुश्किल 50 प्रतिशत का ही इजाफा हुआ। जबकि इस दौरान खेती की लागत में कई गुणा की बढ़ोत्तरी हो चुकी है

# एमएसपी बढ़ोत्तरी में कांग्रेस के मुकाबले बहुत पीछे है मोदी सरकार : रघुबीर तेवतिया

सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** किसानों को बदनाम करने के लिए सरकार जानबूझकर सडक़ें जाम कर रही है। सडक़ें और इंटरनेट बंद करके बीजेपी-जेजेपी साजिश के तहत जनता को परेशान कर रही है ताकि किसानों के खिलाफ नकारात्मक प्रचार किया जा सके। ये कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रघुबीर तेवतिया का। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज है। बीजेपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के तहत (सी-2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफा) एमएसपी देने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन सत्ता में आने के बाद वो अपने वादे से पलट गई। आज किसान इसी वादे को याद दिलाने के लिए आंदोलनरत हैं। लेकिन उनको रोकने के लिए सरकार पूरी तरह असंवैधानिक और गैर-कानूनी तरीके अपना रही है। बाकायदा हाई कोर्ट ने भी इसके लिए सरकार को फटकार लगाई है। क्योंकि बीजेपी-जेजेपी सरकार को इस तरह सडक़ें रोकने, उनपर कीलें बिछाने, पत्थर डलवाने और कंक्रीट की दीवार खड़ी करने का कोई अधिकार नहीं है। सरकार बताएं कि किस कानून के तहत उसने सडक़ों और इंटरनेट को बंद किया है? रघुबीर तेवतिया ने बताया कि कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश का पूरी तरह समर्थन करती है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े



और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सी2 फार्मूले पर एमएसपी देने का ऐलान किया है। जब यूपीए सरकार के दौरान यह रिपोर्ट आई थी तो स्वामीनाथन की 201 सिफारिशों में से 175 को कांग्रेस ने लागू करने का काम किया था। इन सिफारिशों के तहत यूपीए सरकार ने किसानों के 72,000 करोड़ रुपए के लोन माफ किए थे। हरियाणा में लगभग 2200 करोड रुपए के कर्ज माफ हुए थे और 1600 करोड़ रुपए के बिजली बिल माफ किए गए थे। पूरे देश में फसली लोन पर ब्याज दर को 11 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत कर दिया गया था और हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने फसली लोन को जीरो कर दिया था। इतना ही नहीं स्वामीनाथन की सिफारिश के मुताबिक ही खेती को पूरी तरह टैक्स मुक्त रखा गया था। कांग्रेस ने कभी भी खाद, बीज, दवाई, ट्रैक्टर, सिंचाई समेत खेती के तमाम उपकरणों पर टैक्स नहीं लगाया। इतना ही नहीं अलग-अलग योजनाओं के तहत खेती संसाधनों पर 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाती थी। रघुबीर तेवतिया ने याद दिलाया कि 2005 में कांग्रेस सरकार बनने से पहले हरियाणा में इनेलो-बीजेपी सरकार के दौरान लोन नहीं चुकाने पर किसानों की जमीन कुर्क कर दी जाती थी और किसानों को पकड़ कर जेल में डाल दिया जाता था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसपर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया और किसी भी किसान की जमीन कुर्क नहीं होने दी। किसानों को संरक्षण देने के लिए अधिग्रहण का मजबूत कानून बनाया गया। इसमें प्रावधान किया गया कि किसान की मर्जी के खिलाफ कोई उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं कर सकेगा। लेकिन बीजेपी सरकार ने उस कानून को कमजोर कर दिया। इसीलिए किसान फिर से 2013 वाला कानून लागू करने की मांग को लेकर भी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान नाममात्र खर्चे पर किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन दे दिए जाते थे। लेकिन आज लाखों रुपए देने के बाद भी किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन नहीं मिल पाते। हुड्डा सरकार के दौरान सिंचाई के लिए हांसी-बुटाणा नहर, वाटर रीचार्ज के लिए दादुपुर-नळवी नहर, सिरसा में ओटू झील बनाई गई थी। फव्वारा सिंचाई उपकरणों पर 100 परसेंट तक सबसिडी दी गई थी। इतना ही नहीं, सी2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफे के फार्मूले पर एमएसपी देने के लिए भी कांग्रेस सरकार ने फसलों के रेट में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी की। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो 1999 से 2004 तक देश में भाजपा गठबंधन सरकार थी। लेकिन उस सरकार के दौरान धान के रेट में सिर्फ 14त्न यानी सालाना बस 2.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। लेकिन कांग्रेस सरकार के दौरान धान की एमएसपी में कुल 143 प्रतिशत यानी सालाना 14.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। लेकिन मोदी सरकार के दौरान धान के रेट में सिर्फ 54.1 प्रतिशत यानी सालाना सिर्फ 6त्न बढ़ोत्तरी हुई। इसी तरह 1999 से 2004 तक गेहूं के एमएसपी में भाजपा गठबंधन सरकार ने कुल 10.3 प्रतिशत यानी सालाना 1.7 प्रतिशत बढ़ोत्तरी ही की। लेकिन कांग्रेस ने उससे 12 गुणा ज्यादा 126 प्रतिशत यानी सालाना 12.7 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की। लेकिन मोदी सरकार के दौरान 126 प्रतिशत के मुकाबले गेंहू की एमएसपी में सिर्फ 39.3 प्रतिशत ही बढ़ोत्तरी हुई। रघुबीर तेवतिया ने कहा कि सिर्फ धान और गेहूं ही नहीं, मनमोहन सरकार ने लगभग हरेक फसल के रेट में ढाई से तीन गुणा (150-200 प्रतिशत) की बढ़ोत्तरी की। लेकिन मोदी सरकार में बमुश्किल 50 प्रतिशत का ही इजाफा हुआ। जबकि इस दौरान खेती की लागत में कई गुणा की बढ़ोत्तरी हो चुकी है।

# कोतवाल को डांट रहे चोरों को सुप्रीम कोर्ट ने किया बेनकाब : धर्मवीर भड़ाना

सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** भाजपा की जांच एजेंसियां एक साजिश के तहत आम आदमी पार्टी के नेताओं को परेशान कर रही हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल बेदाग़ हैं और भाजपा ने लाख प्रयास के बाद भी जब दिल्ली और पंजाब के चुनावों में मुँह की खाई, तब इन्होने जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करना शुरू कर दिया और एक साजिश के तहत दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और सांसद संजय सिंह को अपनी साजिश का शिकार बना लिया। ये कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा को बेनकाब करते हुए स्पष्ट कहा है कि इलक्टोरल बांड स्कीम आरटीआई एक्ट व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने इलक्टोरल बांड को रद्द करके साफ कहा कि इससे क्विड परो क्यू की झलक दिखती है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि विगत पांच सालों में इलक्टोरल बांड के माध्यम से लिए गए चंदे का पूरा विवरण स्टेट बैंक चुनाव आयोग को 13 मार्च तक दे और चुनाव आयोग इसका पूरा विवरण चुनाव आयोग की वेबसाईट पर सार्वजनिक करे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद पांच सालों में किस-किस पूंजीपति ने किस-किस दल को कितना चंदा इलक्टोरल बांड के माध्यम से दिया है, यह 13 मार्च को पता चल जायगा। वहीं यह भी पता चल जायेगा कि किस-किस पूंजीपति ने इलक्टोरल बांड के माध्यम से चंदा देकर मोदी-भाजपा से क्या-क्या लाभ लिया है। विगत पांच सालों में अकेली भाजपा को ही इलक्टोरल



बांड से 6554 करोड़ रूपये की रिश्वत पूंजीपतियों से मिली है। भाजपा ने इस इलक्टोरल बांड का अधिकांश हिस्सा चुनावों में खर्च करने की बजाय कांग्रेस-विपक्ष के विधायकों व सांसदों को खरीदने, भाजपा के कार्यालय व सम्पतियां बनाने तथा भाजपा की विभिन्न राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला ईकाइयों के खातों में यह रिश्वत का पैसा फिक्सड डिपोजिट एकाऊंट में जमा किया है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि फैसले में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि इलक्टोरल बांड के माध्यम से दिया गुप्त दान एकतरह से मनी लांड्रिंग ही है। वहीं सीजेआई जस्टिस चंन्द्रचूड ने इस चंदे को कालाधन बताया है। इस प्रकार भाजपा को मिला 6554 करोड रूपये कालाधन है और मनी लांड्रिग का एकदम साफ मामला है। अब ईडी जांच क्यों नही करती? भाजपा को 6554 लाख करोड़ रूपये की यह रिश्वत किसने दी और भाजपा ने इसके एवज में सत्ता दुरूपयोग से क्या-क्या गैरकानूनी काम पूंजीपतियों के हित में किये? इलक्टोरल बांड घोटाला भारत के राजनीतिक इतिहास में सबसे बडा भ्रष्टाचार, घोटाला व रिश्वत कांड है जो मोदी-भाजपा ने सत्ता बल पर किया है। परेशान विपक्षी पारियों के नेताओं को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ये सब देख रही है और आने वाले चुनावों में भाजपा को सबक सिखाने को तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि आजकल कुछ चोर कोतवाल को डांट रहे हैं।

# मोदी-मनोहर सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : मूलचंद शर्मा

## परिवहन मंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि जिला स्तरीय उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह में की शिरकत



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** प्रदेश के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा ने लोगों को बिना सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगवाए केंद्र व प्रदेश की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाकर एक नया आयाम स्थापित किया है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की मनोहर सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। परिवहन मंत्री आज शुक्रवार को विकसित भारत-विकसित हरियाणा के तहत जिला रेवाड़ी में आयोजित विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के बल्लभगढ़ स्थित जनता कॉलोनी में आयोजित जिला स्तरीय लाइव प्रसारण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा के रेवाड़ी से आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेश को रेवाड़ी में एम्स, रोहतक, हांसी, हिसार, जीन्द रेल लाइन कनेक्टीविटी और गुरूग्राम मेट्रो विस्तार सहित लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की धनराशि की सौगात दी है। रेवाड़ी में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, नायब सिंह सैणी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री ने कहा कि आज हरियाणा के रेवाड़ी जिला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के 22वे एम्स का शिलान्यास किया जा रहा है। इसके उद्घाटन के पश्चात आमजन खासकर दक्षिण हरियाणा व राजस्थान के सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बहुत लाभ प्राप्त होगा। तथा हमारे देश-प्रदेश के युवा जो डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, उन्हें इस सपने को साकार करने में आसानी होगी। इस अवसर पर एसडीएम त्रिलोक चंद, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, रविभगत, अनुराग गर्ग, सुभाष लांबा, ज्ञानेंद्र भारद्वाज दीपांशु अरोड़ा, जगतभूरा लखन बेनीवाल, राकेश गुर्जर, हरेराम प्रधान, प्रताप भाटी, कुलदीप, कल्ले प्रधान, रवि सोनी, जितेंद्र बंसल, संजय मरोडिया, नवीन चेची, सुषमा यादव, खेमचंद, कृष्णपाल कार्तिक वशिष्ठ, अभिषेक सहित इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे। पृथला विधायक नयन पाल रावत ने एनआईटी स्थित डबुआ अनाज मंडी में आयोजित जिला स्तरीय लाइव प्रसारण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में केंद्र की मोदी व प्रदेश की मनोहर सरकार ने देश-प्रदेश में चौमुखी विकास करने का कार्य किया है। हर गांव में ग्रामीणों को शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश की मनोहर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य किए जा रहें हैं। हर गांव में विकास कार्य गुणवत्ता पूर्वक संपन्न करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा अनेक विकास कार्य प्रगति पर है जो निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लिए जाएंगे। क्षेत्र में सडक़ों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च की जा रही है। ग्रामीणों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेलकूद सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना, भाजपा नेत्री नीरा तोमर, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त जितेंद्र सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हरियाणा में एतिहासिक जीत की नींव रख रहे मनोहर, बिप्लब और नायब

## रेवाड़ी में उमड़ा जनसैलाब, 76 विधानसभाओं में एलईडी लगाकर भी सुने गए मोदी





सिटी 24 न्यूज

**चंडीगढ़।** रेवाड़ी की भूमि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दी गई गारंटियों से हरियाणा गदगद है। जिस तरह का जनसैलाब रेवाड़ी में नरेंद्र मोदी की रैली में उमड़ा, उससे लोगों के मन में नरेन्द्र मोदी के प्रति दिवानगी तो दिखाई दी ही, लेकिन इतनी भारी संख्या में लोगों का यहां पहुंचना और हरियाणा की 76 विधानसभाओं में लाखों लोगों का बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री मोदी को सुनना बताता है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी मिलकर आगामी चुनावों में एतिहासिक जीत की नींव रख रहे हैं।

शुक्रवार को मोदी को देखने और सुनने का उत्साह हरियाणावासियों में चरम पर रहा। जगह-जगह बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर मोदी को देखा और सुना गया। प्रदेश की 76 विधानसभाओं में भाजपा ने प्रधानमंत्री का भाषण सुनने का प्रबंध किया हुआ था। हर विधानसभा में विधायक, सांसद, मंत्री तथा पार्टी के बड़े पदाधिकारियां के साथ बैठकर लोगों ने मोदी का भाषण लाइव सुना। हर विधानसभा में करीब पांच हजार लोगों ने मोदी को लाइव सुना है। दक्षिण हरियाणा की 14 विधानसभाओं के लाखों लोगों और कार्यकर्ताओं ने रेवाड़ी के माजरा में रैली स्थल पर पहुंचकर प्रधानमंत्री को सुना तो 76 विधानसभाओं में एलईडी स्क्रीन पर भी मोदी को सुनने वालों की संख्या लाखों में रही।

रेवाड़ी के माजरा गांव में एम्स की आधारशिला रखने आए प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन सुनने के लिए उमड़े जनसैलाब ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जोश से लबरेज कर दिया है। रेवाड़ी में खचाखच भरे विशाल पांडाल को देखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच पर बैठे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, स्थानीय सांसद राव इंद्रजीत जीत सिंह आदि सभी भाजपा नेताओं के चेहरे खिल उठे। इन नेताओं को अपनी मेहनत सफल होते दिखाई दी। मोदी जैसे ही राम-राम कहकर जनता से कनेक्ट हुए, जनता ने मोदी मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिए।

10 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देकर मोदी ने हरेक हरियाणवीं का दिल जीत लिया। वीर भूमि रेवाड़ी से विकसित हरियाणा का नारा देकर प्रधानमंत्री मोदी जनता के दिलों में छा गए। जब जब रैली स्थल पर मोदी मोदी के नारे लगे तब तब जगह -जगह स्क्रीन पर मोदी को सुन रहे भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनता ने मोदी-मोदी के नारे लगाए।

रेवाड़ी में रैली स्थल पर उमड़े जनसैलाब और हरेक विधानसभाओं में एलईडी स्क्रीन के सामने बैठे हजारों लोगों को देख भाजपा का हर नेता खासे उत्साहित दिखा। मोदी एक-एक विषय उठाते गए और जनता उनके नारे लगाती गई। किसान आंदोलन के बीच आज की सफल रैली ने जता दिया है कि हरियाणा की जनता अगर किसी को चाहती है तो वह सिर्फ मोदी की गारंटी है। लोगों का जोश यह भी बताने के लिए काफी था कि मोदी -मनोहर सरकार में उनका विश्वास लगातार बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी का विजन हरियाणा को पसंद है। देश की रक्षा और सुरक्षा को खतरे में डालने वाली कांग्रेस के पास मोदी की गारंटी का कोई तोड़ नहीं है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्षरत कांग्रेस मोदी की इस रैली के बाद और बिखरेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी और स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित पार्टी के तमाम नेताओं की मेहनत से सफल हुई इस रैली ने भाजपा कार्यकर्ताओं में भी जोश भर दिया है।

रेवाड़ी रैली में उमड़े जनसैलाब और हर विधानसभाओं में स्क्रीन पर प्रधानमंत्री मोदी को सुनने पहुंची भीड़ ने बता दिया है कि जनता भाजपा को 370 का टीका लगाने के साथ एनडीए का आंकड़ा 400 पार कराने का मन बना चुकी है। जनता जनार्दन हरियाणा की 10 की 10 सीटें मोदी की झोली में डालेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

हरियाणा में इस सफल रैली ने स्थानीय नेताओं को तो उत्साह से भरा ही है, साथ ही प्रदेश का चुनाव प्रभार संभाल रहे बिप्लब कुमार देब के लिए भी यह रैली इस मायने में काफी उत्साहवर्धक रही है कि केंद्र की तरफ से लोकसभा की दस सीटें जीताने का जिम्मा बिप्लब देब को दिया गया है। विकसित भारत, विकसित हरियाणा अब मात्र नारा नहीं बल्कि मोदी का विजन है। जनता मोदी की गारंटी पर विश्वास करती है। हरियाणा के लोगों का विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार में ही प्रदेश का विकास समाहित है। बच्चों का भविष्य और युवाओं के रोजगार की चिंता करने वाली कोई पार्टी है तो वह सिर्फ भाजपा है। इस रैली ने बता दिया है कि हरियाणा की जनता मोदी-मनोहर पर पूरा विश्वास करती है और तीसरी बार भी डबल इंजन सरकार बनेगी।

# बेकार हो चुके जूट और कपड़ों को रिसाइकिल करके बना रहे अनोखे चप्पल

सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में पटना से आए शिल्पकार विश्वनाथ दास बेकार हो चुके जूट और कपड़ों से अनोखा चप्पल बनाते हैं। इसकी खासियत यह है कि चप्पल पहनने की मियाद पूरी होने पर फैंकने के बाद वह खाद बन जाती है। विश्वनाथ दास अपनी धर्मपत्नी रीता दास के साथ मिलकर पिछले 25 साल से इस काम को कर रहे हैं। बीकॉम पास पति-पत्नी इससे पहले करीब दस साल तक विभिन्न बड़ी कंपनियों में नौकरी भी कर चुके हैं। आत्मनिर्भर बनने की सोच ने दोनो पति-पत्नी को शिल्पकार बना दिया। तंगी के दौर में पांच हजार रुपए उधार लेकर दोनो ने इस कारोबार को शुरू किया था। आज वह सैकड़ों लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर महीने में करीब 70 से 80 हजार रुपए तक की आमदनी भी कर रहे हैं। इसी कारोबार से उन्होंने अपने बड़े बेटे को एयरक्राफ्ट इंजीनियर और छोटे बेटे को डॉक्टर बनाया है। इनका उद्देश्य देश के ग्रामीण युवाओं को अपने हुनर और कम लागत से आत्मनिर्भर बनाना है। कोलकाता के रहने वाले विश्वनाथ दास का कहना है कि वर्ष 1993 में बीकॉम करने के बाद उनका विवाह रीता के साथ हुआ। घर चलाने के लिए करीब दस साल तक बड़ी कंपनियों में नौकरी की। इसके बाद उनके अंदर आत्मनिर्भर बनने और अनोखा काम शुरू करने का विचार आया। नौकरी को छोडकर वर्ष 2000 में उन्होंने गांवों में फेंक दिए जाने वाले जूट के बोरे एकत्रित करके उससे चप्पलें, बैग आदि बनाने का सोचा। धनराशि न होने के कारण उन्होंने जूटबोर्ड के अधिकारी कोलकाता के मोनोजित दास से संपर्क किया और 5 हजार रुपए उधार लेकर काम शुरू किया। सिक्किम में लगी प्रदर्शनी में विश्वनाथ दास ने दोगुनी कमाई कर आगे बढ़ते चले गए। शिल्पकार ने बताया कि कोरोना काल में जब जूट की कंपनियां बंद हो गई थी तब अपने घर के बेकार कपड़ों को घर में ही रिसाइकल करके उससे भी चप्पल बनाना शुरू कर दिया। कपड़ों से बने इन चप्पलों की मांग पूरे देश में है। अब तक वह देश के सभी राज्यों के अलावा बंग्लादेश, भूटान और नेपाल में भी अपने इस प्रोडक्ट को पहुंचा चुके हैं। वर्ष 2003 में इन्हें भारत सरकार ने मास्टर ट्रेनर के अवॉर्ड से नवाजा था।